


विजयादशमी आज

दैनिक

# भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com

◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 272 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये




## विजयादशमी की हार्दिक बधाई

लोकप्रिय **दैनिक** समाचार पत्र **भास्कर दूत** के समस्त सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**- संपादक**

## आज अवकाश

असत्य पर सत्य की जीत के पर्व विजयादशमी के अवसर पर **दैनिक भास्कर दूत** कार्यालय में 12 अक्टूबर शनिवार को अवकाश रहेगा। अत: हमारा अगला अंक 14 अक्टूबर सोमवार को प्रकाशित होगा। पाठकों से पूर्व की भांति सहयोग की अपेक्षाओं के साथ।

**- प्रबंधक**

## समाचार शीर्ष

### अरुण यादव की करोड़ों की संपत्ति जब्त

ईडी की बड़ी कार्रवाई, गांव में बनाया था 11 करोड़ का बंगला

**पटना** । लालू यादव परिवार के करीबी एक और नेता के की संपत्ति ने प्रवर्तन निदेशालय ने जब्त कर लिया है। दरअसल ईडी ने आरजेडी नेता अरुण यादव की 46 संपत्तियों को जब्त किया है। बता दें कि अरुण यादव और उनके परिवार पर बिहार में रेत की अवैध माइनिंग से अकूत संपत्ति बनाने और मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है। अरुण यादव की जो संपत्तियां जब्त की गई हैं, उनमें 40 एग्रीकल्चर लैंड हैं, दानापुर में 4 फ्लैट, पटना की पाटलिपुत्र कॉलोनी में एक कमर्शियल लैंड शामिल है। अरूण यादव के बैंक अकाउंट्स में 2 करोड़ 5 लाख रुपये थे, जिसे सीज कर दिया गया है। हालांकि श्वष्ठ की जांच में तो ये पता लगा था कि अरूण यादव ने अवैध माइनिंग से करीब चालीस करोड़ रुपये की संपत्ति बनाई है।

**राजद नेता की अवैध संपत्ति जब्त-** अरुण यादव के गांव अगिआंव में बने उनके महल की तस्वीरें सामने आईं तो अधिकारी भी हैरान रह गए। कई एकड़ में फैले इस महल की चारदीवारी पन्द्रह फीट से ज्यादा ऊंची है। दीवार के कोनों पर वॉच टावर बने हैं। महल में बड़े बाग बगीचे हैं, घर के भीतर नेता जी का दरबार लगता है, इसके लिए अलग दरबार हॉल है, जिसमें

## ईरानी मिलिट्री चीफ पर खामनेई का शिकंजा

# इजरायल को मदद पहुंचाने के संदेह में किया गया हाउस अरेस्ट

**तेहरान।** इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष ने मध्य पूर्व के देशों में तनाव की स्थिति पैदा कर दी है. हाल के दिनों में इजरायल ने ईरान के सहयोगियों पर लगातार हमले किए हैं, जिससे इस्लामिक देशों में हड़कंप मच गया है. पिछले महीने इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह के नेता हसन नसरल्लाह की मौत हुई, और उससे पहले जुलाई में हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया को भी मार गिराया गया. इन घटनाओं ने ईरान की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसके चलते ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (IRGC) के कुद्स फोर्स के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल इस्माइल कानी पर संदेह बढ़ गया है. कहा जा रहा है कि कहीं उन्होंने इजरायल की मदद करके गद्दारी तो नहीं की.




### ब्रिगेडियर जनरल इस्माइल कानी से पूछताछ

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 67 वर्षीय ब्रिगेडियर जनरल इस्माइल कानी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है. उनसे हसन नसरल्लाह की मौत के संबंध में पूछताछ की जा रही है, जो ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की निगरानी में हो रही है. हसन नसरल्लाह की मौत के बाद से कानी को सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है और उनकी टीम से भी पूछताछ की जा रही है.

27 सितंबर को इजरायल ने बेरूत में एक एयर स्ट्राइक के जरिए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को मार गिराया. इसके बाद 4 अक्टूबर को इजरायल ने हिजबुल्लाह के उत्तराधिकारी हाशेम सैफुद्दीन को एक बंकर में मिसाइल से निशाना बनाया. इन घटनाओं ने ईरान और हिजबुल्लाह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं कि इजरायल को इन गुप्त स्थानों की जानकारी कैसे मिली.

### लेबनान में कानी की भूमिका

*हसन नसरल्लाह की मौत के बाद इस्माइल कानी और अन्य IRGC कमांडर्स लेबनान पहुंचे थे, लेकिन सैफुद्दीन की मौत के बाद उनसे संपर्क नहीं हो सका. इसके बाद कानी को लेकर अटकलें तेज हो गईं. हालांकि, IRGC के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कानी ठीक हैं और अपनी नियमित ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें हाउस अरेस्ट में रखा जाएगा जब तक कि जांच पूरी नहीं हो जाती.*

# महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनाव और यूपी उपचुनाव होंगे कब? आया महत्वपूर्ण अपडेट

**नई दिल्ली।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव समाप्त होने के बाद झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा का इंतजार जारी है. सूत्रों के अनुसार. चुनाव आयोग अगले हफ्ते तारीखों की घोषणा कर सकता है. इसके साथ ही उत्तर प्रदेश और वायनाड के उपचुनाव का टाइम-टेबल भी जारी किया जा सकता है.




### महाराष्ट्र में चुनाव कब होंगे?

आयोग के अधिकारियों के अनुसार. महाराष्ट्र में विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर तक पूरा हो जाएगा. चुनाव के लिए लगभग चालीस दिन का समय दिया जाता है. ऐसे में माना जा रहा है कि 26 नवंबर से पहले ही चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे. इसलिए चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द ही किया जाएगा.

### यूपी और वायनाड में उपचुनाव कब होंगे?

*चुनाव आयोग महाराष्ट्र और झारखंड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और वायनाड में होने वाले उपचुनाव की तारीखों का ऐलान भी जल्दी कर सकता है. केंद्रीय चुनाव आयोग ने पहले ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी. लेकिन कई राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपचुनाव की तारीखें अभी निर्धारित नहीं की जा सकीं. जैसे ही हालात सामान्य होंगे. चुनाव की तारीख तय कर दी जाएगी.*


### झारखंड में चुनाव कब होंगे?

*झारखंड की विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त होगा. ऐसे में यहां चुनाव की तारीखें आगे बढ़ सकती हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार. जिन सीटों पर उपचुनाव होने हैं. उन सभी सीटों पर चुनाव आयोग एक साथ चुनाव कराने की योजना बना सकता है*

# रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा को मिली विरासत

## ट्रस्ट की बैठक में हुआ फैसला

मुंबई। मुंबई में शुक्रवार को टाटा ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक में ट्रस्ट की कमान नोएल टाटा को सौंप दी गई है। टाटा ट्रस्ट्स ने सर्वसम्मति के साथ नोएल टाटा को ट्रस्ट के नया चेयरमैन चुना है।



पिछले 40 सालों से टाटा ग्रुप के साथ जुड़े नोएल टाटा रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। साल 1991 में जब रतन टाटा को टाटा समूह की जिम्मेदारी सौंपी गई तभी से वो टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन थे।

नोएल टाटा सर रतन टाटा ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के मौजूदा ट्रस्टी हैं। ट्रस्ट के कामों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। नोएल टाटा TATA समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट, टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के चैयरमैन और टाटा स्टील व टाइटन के वाइस चैयरमैन हैं इसके साथ ही टाटा ग्रुप की कई कंपनियों के बोर्ड में शामिल हैं। नवल एच टाटा और सिमॉन टाटा के बेटे नोएल टाटा रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। उनकी पत्नी का नाम आलू मिस्त्री हैं जो शपूरजी पलोनजी ग्रुप की मिस्त्री फैमिली से तालुक रखती हैं। टाटा संस में शपूरजी पलोनजी ग्रुप की 18.3 फीसदी हिस्सेदारी है।

भारत में फिर लौटा खतरनाक वायरस

# महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप,इकट्ठे किए जा रहे सैंपल

अहमदाबाद। भारत में क्रीमियन-कांगो रक्तस्रावी बुखार CCHF एक का मामला समाने आया है। पीड़ित महिला की मौत हो गई। करीब पांच साल बाद जोधपुर में एक बार फिर का मामला समाने आया है।



जोधपुर ग्रामीण क्षेत्र के नांदडा कलां निवासी 51 वर्षीय महिला गत दिनों बीमार हुई थी, जिसे परिजन उपचार के लिए अहमदाबाद लेकर गए थे। वहां पर उसका निधन हो गया। इसके बाद स्वास्थ्य महकमा मृतका के निवास स्थान पर पहुंचा है। आसपास के लोगों और परिजनों के खून के सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं। परिजनों ने शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया है। कांगो फीवर से संक्रमित होने पर बुखार के एहसास के साथ शरीर की मांसपेशियों में दर्द, चक्कर आना, गर्दन में दर्द, पीठ में दर्द और सिर में दर्द, आंखों में जलन और फोटोफोबिया (प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता) जैसे लक्षण पाए जाते हैं। शुरुआत में दस्त, पेट में दर्द, मतली, उल्टी और गले में खराश हो सकती है।

मृतक महिला पशुपालन से जुड़ी हुई थी। पशुओं के साथ रहने वालों को कांगो फीवर का खतरा अधिक होता है। पशुओं की चमड़ी से चिपके रहने वाला 'हिमोरल' नामक परजीवी इस रोग का वाहक है। CCHF के खिलाफ मानव या पशु उपयोग के लिए कोई टीका उपलब्ध नहीं हैं। लोगों में सं मण को कम करने का एकमात्र तरीका CCHF के जोखिम कारकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

# राष्ट्रपति के प्रवास की तैयारी: राजभवन में हुई बैठक में तैयारियों के संबंध में दिए गए दिशा निर्देश

भास्कर दूत

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ के 25 और 26 अक्टूबर, दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल रमेन डेका के निर्देशानुसार आज यहां राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को एम्स रायपुर, एन. आई. टी. रायपुर, आई. आई. टी. भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सचिव श्री यशवंत कुमार ने इस दौरान सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।




इसके अलावा रायपुर एवं दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के विधायकों को अब मिलेगा दोगुना यात्रा भत्ता, संसदीय कार्य विभाग ने जारी की अधिसूचना

भास्कर दूत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के विधायकों को अब प्रति किलोमीटर यात्रा भत्ता 20 रुपए मिला करेगा. अब तक विधायकों को प्रति किलोमीटर 10 रुपए यात्रा भत्ता मिला करता है. इस संबंध में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ विधान मण्डल यात्रा-भत्ता नियम 1957 में संशोधन किया गया है.

बता दें कि छत्तीसगढ़ विधान मंडल यात्रा भत्ता नियम, 1957 के तहत किसी विधायक का निवास स्थान राजधानी रायपुर से 8 किलोमीटर से ज्?यादा दूर है, तो विधानसभा सत्र या




सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपने वाहन से यात्रा करने पर उन्हें भत्ता दिया जाता है. ताजा अधिसूचना के बाद अब विधायकों को 10 रुपए की बजाए 20 रुपए प्रति किलोमीटर यात्रा भत्ता मिला करेगा.

# ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने सरकारी भूमि को लेकर की बड़ी घोषणा



**भुवनेश्वर.** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने शुक्रवार को घोषणा की कि इस वर्ष के त्योहारों के दौरान राज्य की सरकारी भूमि पर सामुदायिक पूजा करने वाले पूजा पंडालों से कोई जमीन किराया नहीं लिया जाएगा. मुख्यमंत्री ने महाअष्टमी के अवसर पर राज्य की जनता को शुभकामनाएं भी दीं. इस घोषणा पर राज्य के कई पूजा समितियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है. छात्र बाजार पूजा समिति के अध्यक्ष, देवेन्द्र साहू ने कहा, पहले हमने कटक नगर निगम से दुर्गा पूजा मंडपों को टैक्स-फ्री करने की अपील की थी, लेकिन हमारी मांग को स्वीकार नहीं किया गया और हमें सजावटी द्वार लगाने और कार्यक्रम आयोजित करने के लिए लगभग 24,000 रुपये किराए के रूप में देने पड़े थे. हालांकि, अब मुख्यमंत्री मोहन माझी ने पूरे राज्य के सभी पूजा मंडपों को किराए से मुक्त करने की घोषणा की है।

# महादेव सट्टा एप घोटाला के मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद चढ़ा सियासी पारा

## भाजपा-कांग्रेस के बीच शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर

भास्कर दूत

रायपुर। महादेव सट्टा एप घोटाला मामले में संचालक सौरभ चंद्राकर को इंटरपोल ने दुबई से गिरफ़्तार किया है. इस पर विधायक राजेश मूणत ने कहा बीजेपी इसके संचालन के पीछे संलिप्त सभी पर कार्रवाई करेगी. वहीं पीसीसी चीफ दीपक बैज सवाल कर रहे हैं कि आखिर किस-किस को कमीशन मिल रहा है.




महादेव सट्टा एप के संचालक सौरभ चंद्राकर की गिरफ़्तारी को लेकर एक बार फिर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने हैं. विधायक राजेश मूणत ने इस बड़ी करवाई को लेकर कहा है कि बीजेपी लगातार इस अभियान में जुटी है, जो इसका बैकसपोर्ट कर संचालन करते थे, उन पर कार्रवाई हो रही है. छत्तीसगढ़ का पुलिस विभाग काम कर रहा है. जितने लोग घोटाले में संलिप्त हैं, सभी पर बीजेपी सरकार कार्रवाई करती रहेगी.

वहीं विधायक राजेश मूणत के बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने सवाल किया है डबल इंजन की सरकार 10 महीने के बाद भी महादेव सट्टा एप बंद क्यों नहीं कर पाई. उन्होंने कहा कि सरकार को कार्रवाई करने से किसने रोका है. महादेव सट्टा एप में सबसे ज़्यादा एफआईआर, कार्रवाई और गिरफ़्तारी कांग्रेस की सरकार में हुई, और इसे बंद करने हमने केंद्र सरकार को चिट्ठी भी लिखी थी. बीजेपी ने अब तक कितने एफआईआर और गिरफ़्तारियां की है.

उन्होंने कहा कि महादेव एप के नाम से चुनाव लड़ने वाली सरकार को शपथ ग्रहण के साथ एप बंद कर देना चाहिए था. लेकिन जिस मुद्दे को लेकर बीजेपी ने चुनाव में विपक्ष के ख़िलाफ़ एजेंडा तैयार किया आज दस महीने के बाद भी

महादेव सट्टा एप बंद नहीं करा पाई. बैज ने सवाल उठाया कि किसको-किसको कमीशन मिल रहा है, ये सरकार बताए और आखिर अब तक एप बंद क्यों नहीं हो सका है.

# मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज के पोस्टग्रेजुएट छात्रों के निजी प्रेक्टिस व नौकरी करने पर लगा प्रतिबंध

सभी छात्र-छात्राओं से इस संबंध में एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गये है। जो इस बात का आश्वासन देगा कि वे अपनी पाठ्य म अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अनाधिकृत निजी प्रेक्टिस, सेवा अथवा नौकरी नही करेंगे।

भास्कर दूत


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्र पाठ्यक्रम अवधि के दौरान निजी प्रेक्टिस, सेवा अथवा नौकरी नही कर पाएंगे। चिकित्सा शिक्षा रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश नियम एवं विवरणिका 2021 अनुसार इसको प्रतिबंधित किया गया है। इस आदेश के अंतर्गत सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं और प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं इस नियम का कड़ाई से पालन करें। सभी छात्र-छात्राओं से इस संबंध में एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गये है। जो इस बात का आश्वासन देगा कि वे अपनी पाठ्यक्रम अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अनाधिकृत निजी प्रेक्टिस, सेवा अथवा नौकरी नही करेंगे।





# रायपुर के WRS कॉलोनी में 101 फीट तो रावणभाठा में 60 फीट ऊंचे रावण दहन की तैयारी

भास्कर दूत



**रायपुर।** राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में शनिवार को विजयादशमीं का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन रावण दहन कार्यक्रम जगह-जगह होगा। शहर के प्रमुख समितियों में आतिशबाजी को लेकर खूब होड़ मची हुई है।

इस बार शहर में कोलकाता, जबलपुर, भिलाई और बलौदाबाजार से भी टीमें बुलाई गई है। मुख्य रूप से डब्ल्यूआरएस, रावणभाठा मैदान, रावांभाठा, छत्तीसगढ़ नगर, बोरियाखुर्द, बीटीआई ग्राउंड में रावण दहन होगा।

राजधानी में सबसे ऊंचा 101 फीट का रावण डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में तैयार हो रही है। यहां मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले की ऊंचाई भी 85-85 फीट होगी। इसी तरह रावणभाठा (भाठागांव) में रावण का पुतला 60 फीट का होगा। वहीं मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले 55-55 फीट का होगा। वहीं पुतले तैयार करने के लिए कोलकाता आदि जगहों के कारीगर दिन रात जुटे हुए है।

सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति रावणभाठा के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि आतिशबाजी के लिए जबलपुर की टीम आएगी। दशहरा के ही दिन रामलीला होगी। रावण का 60 फीट ऊंचा पुतला बनाया जा रहा है। मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले 55-55 फीट के होंगे।

### डब्ल्यूआरएस कॉलोनी

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में रावण का पुतला 101 फीट का होगा। मेघनाथ और कुंभकरण का 85-85 फीट के पुतले होंगे। आतिशबाजी के लिए कोलकाता से टीमें बुलाई गई है। आंध्रप्रदेश के कलाकार तीनों की पुतलों को आकार दे रहे हैं।

### बीटीआई ग्राउंड

खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। यहां सिर्फ रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।शाम को रामलीला का मंचन होगा। आतिशबाजी बलौदाबाजार की टीम करेगी।

### छत्तीसगढ़ नगर दशहरा मैदान

छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बताया कि रावण का पुतला 45 फीट जबकि कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले 30 फीट के होंगे। सोनपैरी ग्राम की पुष्पांजलि मानस मंडली रामलीला करेगी। कोलकाता के कलाकार स्पेशल इफेक्ट के साथ आतिशबाजी करेंगे। छत्तीसगढ़ी संस्कृति कार्यक्रम रंग झरोखा की प्रस्तुति होगी।

### रावांभाठा समिति

दशहरा उत्सव समिति रावांभाठा के संरक्षक एवं बिरगांव नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि रावांभाठा के रामायण मेला मैदान में रावण दहन होगा। यहां 30 फीट का पुतला बनाया जा रहा है। दोपहर में रंग छत्तीसा टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शाम सात बजे से रामलीला होगी। भिलाई के कलाकार स्पेशल इफेक्ट के साथ आतिशबाजी करेंगे।

### बांसटाल, राठौर चौक आदि जगहों पर सजा रावण बाजार

*राजधानी में रावण दहन को खासा उत्साह दिख रहा है। बड़े समितियों के अलावा गली-मोहल्लों में भी रावण दहन होगा। इसके लिए शहर में बांसटाल, राठौर चौक, आमापारा आदि जगहों पर रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले का बाजार सज चुके हैं। इन जगहों पर पुतलों की आकार तीन फीट, पांच फीट, 10 फीट से लेकर 30 फीट तक मिल रहा है। पुतलों की कीमत भी पिछले साल से साइज (ऊंचाई) के अनुसार पांच सौ से एक हजार रुपये बढ़ गया है।*

# रायपुर में पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ दुष्कर्म मामले में विचाराधीन कैदी

## पेशी के लिए लाया गया था कोर्ट

भास्कर दूत




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक विचाराधीन कैदी संजय भट्टाचार्य कोर्ट से फरार हो गया। यह घटना 9 अक्टूबर को सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्थित रायपुर कोर्ट में उस वक्त हुई जब आरोपी को रायपुर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था, जहां वह पुलिस की नजरों से चकमा देकर भाग निकला।

मिली जानकारी के अनुसार, संजय भट्टाचार्य कलकत्ता का निवासी है और उसके खिलाफ बलात्कार का मामला विचाराधीन है। इस घटना के बाद से रायपुर पुलिस में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया है ताकि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने की कोशिश की जा सके।

### आरक्षक ने कैदी को पकड़ने लोगों से मांगी मदद

आरक्षक शिवम दिवेदी कैदी संजय को कोर्ट में पेश करने लाए थे। जब कैदी ने भागने की कोशिश की, तो आरक्षक ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ लगाई और चिल्लाते हुए मदद की गुहार लगाई। हालांकि, इस समय खालसा स्कूल वाली रोड पर अन्य लोग घटनास्थल पर मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। इस दौरान संजय तेजी से भाग निकला।

पुलिस ने कैदी के फरार होने के बाद आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर दी है और सुराग जुटाने के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि संजय भट्टाचार्य का फरार होना बहुत गंभीर मामला है और इसे किसी भी हाल में हल्के में नहीं लिया जा सकता।


### कोर्ट परिसर में कैदियों की सुरक्षा पर उठने लगे सवाल

कोर्ट परिसर में कैदियों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई है, जिसके कारण विचाराधीन कैदी फरार हो गया।

वहीं, इस घटना के बाद से रायपुर पुलिस ने सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है और फरार कैदी को पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई हैं। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की योजना बनाई है।

# ऊर्जा पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वालों से शुल्क लेने का निर्णय स्थगित

भास्कर दूत




**रायपुर।** आर्थिक बदहाली से जूझ रहे वन विभाग ने ऊर्जा पार्क में मॉर्निंग वॉक करने जाने वाले लोगों से पांच सौ रुपए मासिक शुल्क लेने की योजना को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। इसकी वजह शुल्क लेने का लोगों द्वारा विरोध करना बताया जा रहा है।

विरोध के कारण वन विभाग को निर्णय वापस लेना पड़ा। इस बात की पुष्टि रायपुर डीएफओ लोकनाथ पटेल ने की है। मॉर्निंग सीसीएफ कार्यालय के निर्देश पर रायपुर वनमंडल ने सात अक्टूबर को पत्र जारी कर मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों से हर माह पांच सौ रुपए शुल्क लेने का आदेश जारी किया था। आदेश जारी होने के बाद अगले सप्ताह सोमवार से मॉर्निंग वॉक करने आने वाले लोगों से शुल्क वसूलने की तैयारी में विभागीय अफसर जुटे हुए थे। इसके लिए मॉर्निंग वॉक करने आने वाले लोगों के लिए आवश्यक पास बनवाने आदेश जारी कर दिया गया था।

राजीव स्मृति वन को उर्जा तथा वन विभाग ने मिलकर बनाया है। इसीलिए पार्क से अर्जित आय की आधी रकम ऊर्जा विभाग के पास जाती है। अफसरों के अनुसार पार्क से हर महीने औसतन दो से तीन लाख रुपए की आय अर्जित होती है। इस लिहाज से पार्क की देखरेख तथा मेटेंनेस के लिए वन विभाग को पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इसी नुकसान की भरपाई के लिए वन विभाग ने मार्निंग वॉक करने आने वाले लोगों से शुल्क लेने की योजना बनाई है।

### डेढ़ से दो सौ के करीब मार्निंग वॉक करने आते हैं

*अफसरों के अनुसार राजीव स्मृति वन में बारिश के दिनों में मार्निंग वॉक करने वालों की संख्या महज 40-50 के करीब रहती है। नवंबर-दिसंबर में मार्निंग वॉक करने वालों की संख्या में इजाफा होता है। ठंड तथा गर्मी के दिनों में मॉर्निंग वाक करने वालों की संख्या डेढ़ से दो सौ के करीब पहुंच जाती है। इस लिहाज से मार्निंग वॉक करने वाले लोगों से शुल्क वसूलने पर हर माह 75 हजार रुपए से एक लाख रुपए तक आमदनी वन विभाग को होगी।*

# किसी भी परिस्थिति में तत्काल नहीं दें रिएक्शन

भास्कर दूत



**रायपुर।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर रायपुर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला जारी है। 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक शाश्वत नवपद ओली जी की आराधना तप और त्याग के साथ की जा रही है।

गुरुवार को तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी म.सा. ने धर्मसभा में कहा की जीवन के अंदर में दूसरों की मदद करने का अवसर आए तो कभी नहीं चुके,ऐसी अरिहंत पद की आराधना है। वहीं सिद्ध पद की आराधना के बारे में मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध पद के लिए गुणों को आत्मसात करें। पुण्यबंध और कर्म निर्झरा के अलावा गुणों की प्राप्ति का लक्ष्य होना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि किसी भी परिस्थिति के अंदर तत्काल एक्शन नहीं लेना चाहिए और रिएक्शन तुरंत नहीं देना चाहिए। यदि देना भी पड़े तो उस समय सिद्ध भगवंतों को याद करना चाहिए। संपूर्ण ज्ञान होने के बाद भी सिद्ध भगवंतों के जीवन में क्रिया और प्रतिक्रिया नहीं है और अनंत सुख के स्वामी है। यह सुख आत्मा में से ही प्रकट हुआ है। सुख को जनरेट नहीं करना है, सुख को आविष्कृत करना है। हम सुख को जनरेट करने की कोशिश करते हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा दुखी होते हैं। एक सुख प्राप्त होने के बाद उससे ज्यादा सुख प्राप्त करने जीव को लालसा रहती है। जीव उससे ज्यादा सुख प्राप्त करने के लिए और ज्यादा सुख की प्रवृत्ति करता है लेकिन सुख जो अंदर पड़ा है उसको जिस दिन अविष्कृत करेंगे वही वास्तविक सुख है,जो आत्मा का सुख है। समय, संयोग और व्यक्ति के द्वारा जो सुख मिलता है वह सुख समय, संयोग और व्यक्ति के जाने से दुख के रूप में बदल जाएगा,इसलिए सिद्ध भगवंतों की आराधना करनी चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध भगवंतों में अनंत दर्शन गुण होते हैं। वे सब कुछ देखते हैं लेकिन फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं देते। राग ,द्वेष मोहनी कर्म के क्षय से उत्पन्न गुण के कारण से राग ,द्वेष की परिणति उनके जीवन में नहीं है। राग द्वेष की परिणति संसारी जीव की होती है। सिद्ध भगवंतों ने अक्षय स्थिति प्राप्त की है। सिद्ध भगवंत जब सिद्धशीला में जाते हैं, मोक्ष में जाते हैं तब अनंत कल तक वहीं पर रहना है,उनकी स्थिति क्षय नहीं होगी।

## सार समाचार

### गोलबाजार पुलिस ने शराब बेच रही महिला को पकड़ा

**रायपुर।** अवैध रूप से शराब के साथ आरोपिया गुड़िया उर्फ अफसाना बी गिरफ्तार हुई है। गोलबाजार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत दाई कोरा भवन के पास एक महिला अवैध रूप से शराब रखी है तथा बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है। जिसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी गोलबाजार निरीक्षक अर्चना धुरंधर के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में उक्त महिला ने अपना नाम गुड़िया उर्फ अफसाना बी निवासी गुप्ता बिल्डिंग, मोतीबाग चौक, रायपुर का होना बताई। टीम के सदस्यों द्वारा तलाशी लेने पर एक सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी में शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपिया गुड़िया उर्फ अफसाना बी पति शेख हासिम उम्र 35 साल निवासी गुप्ता बिल्डिंग, मोतीबाग चौक, रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 110 पौवा देशी शराब कुल 19.800 एमएल कीमती लगभग 9,900/- रूपये तथा बिक्री रकम 330/- रूपये जप्त कर आरोपिया के विरूद्ध थाना थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 318/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।गिरफ्तार आरोपी - गुड़िया उर्फ अफसाना बी पति शेख हासिम उम्र 35 साल निवासी गुप्ता बिल्डिंग, मोतीबाग चौक, रायपुर।



### चाकू लेकर घूमने वाला बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रार्थी /मुतर्जरर पवित्रों यादव पिता संतराम यादव उम्र 18 वर्ष पता वल्लभनगर न्यू राजेंद्र नगर का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 24/09/2024 के 4:30 बजे के लगभग संत ज्ञानेश्वर स्कूल के पास मैदान में प्रार्थी के दोस्त आशुतोष सरकार ,आयुष दास के साथ पुरानी बातों को लेकर आरोपीगण सौरभ दाम उर्फसोनू सोनू, होमेद्र साहू उर्फ होमू तथा उनके साथियों द्वारा गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपियों द्वारा प्राणघातक हमला करने से प्रार्थी एवं उनके साथियों को गंभीर चोट आया था। प्रार्थी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक- 372/2024 धारा -296 ,115(2), 351(2), 109,3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना दौरान सौरभ दाम, सोनू एवं होमेंद्र साहू उर्फ होमू को दिनांक 25/9/2024 के 14:40,14:50 बजे के पारिवारिक पृष्ठभूमि भरकर विधि से संघर्षरत बालक होने से किशोर न्याय बोर्ड माना प्रस्तुत किया गया जो बाल सप्रेक्षण गृह में निरोध है प्रकरण विवेचना दौरान प्रकरण के अन्य आरोपी सुमेध कुमार हुमने उर्फ सुमेर उम्र 18 वर्ष 8 माह को आज दिनांक 10-10-2024 को हिरासत में लेकर धारा- 23(2) साक्ष्य अधिनियम कथन लिया जो दिनांक घटना को चाकू से मारपीट करना एवं घटना में प्रयुक्त चाकू को उनके निशानदेही पर जप्त कर प्रकरण में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी को दिनांक 10.10.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है प्रकरण के अन्य आरोपी सुमित का पता तलाश किया जा रहा है।



# सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर की दुबई में गिरफ्तारी

भास्कर दूत



**रायपुर।** महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े 6000 करोड़ रुपये के घोटाले का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार हो गया है. यह कार्रवाई इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई, जिसे प्रवर्तन निदेशालय (ED) के अनुरोध पर जारी किया गया था. इस मामले में ED, विदेश मंत्रालय (MEA), और गृह मंत्रालय (MHA) ने मिलकर एक बड़ी कार्रवाई की है। सौरभ चंद्राकर जो पहले छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक साधारण जूस की दुकान चलाता था, वह अब महादेव एप के जरिये सट्टेबाजी का बड़ा साम्राज्य खड़ा कर चुका था. उसकी गिरफ्तारी ने इस बड़े घोटाले के प्रमुख कर्ताधर्ता को कानून के शिकंजे में ला दिया है. बता दें कि लगभग डेढ़ महीने पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इस घोटाले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को सौंपने का फैसला किया था. यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था और अब इस घोटाले के किंगपिन सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी हुई है. इस कार्रवाई से सीएम साय के उस मजबूत रुख की याद दिलाई जा रही है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. मुख्यमंत्री साय ने तभी यह कहा था कि सभी दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए जांच CBI को सौंपी गई है.

# उपचुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

## रायपुर दक्षिण विधानसभा में 20 नवंबर को होगा कार्यकर्ता सम्मेलन, पायलट समेत कई नेता लेंगे हिस्सा

भास्कर दूत




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव से पहले कांग्रेस विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन करेगी। यह आयोजन 20 नवंबर को आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। सम्मेलन के माध्यम दक्षिण विधानसभा के कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### बैज ने ली नेताओं की बैठक

उल्लेखनीय है कि, कल ही पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई थी। जहां स्थानीय नेताओं ने बाहरी प्रत्याशियों का विरोध करते हुए कहा कि, स्थानीय और संघर्ष करने वाले कार्यकर्ता को ही टिकट मिलना चाहिए। प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा ने कहा कि, स्थानीय कार्यकर्ताओं को ही अवसर मिले, हम पार्टी से इसकी अपील करेंगे।

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक खत्म हो चुकी है। बैठक के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने जानकारी देते हुए कहा कि, दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस 20 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। बाहरी प्रत्याशियों की दावेदारी को लेकर बोले सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि, कांग्रेस में सभी को टिकट मांगने का हक है। राजनांदगांव और अन्य स्थानों के नेताओं ने भी टिकट मांगा है। लेकिन टिकट किसी एक को मिलेगी और जीत की क्षमता देखकर ही टिकट देंगे।

# नेशनल गोल्फ आयोजन से छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा - मुख्य सचिव जैन

भास्कर दूत

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज गुरुवार को नवा रायपुर के मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्ट में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप प्री-लांच का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर मुख्य सचिव जैन ने कहा कि नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का भी चयन किया जाएगा। इससे अन्य खेलों के साथ गोल्फ खेल के लिए लोगों में रूचि बढ़ेगी। नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया रहा है। इस आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि एक स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी को किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना जरूरी है। नवा रायपुर पर्यटन के रूप में भी विकसित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यहां की हरियाली को भी प्रमोट किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बादाम के पौधे का वृक्षारोपण भी किया।

नेशनल गोल्फ फेडरेशन के संस्थापक एवं महासचिव आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा कि गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने प्रतिबद्ध है। स्टार्टअप और राज्य पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए स्थल पर अपने स्टॉल लगा सकते हैं। नवा रायपुर में चैंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को लेकर बना परसेप्शन भी बदलेगा।

### विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

*चैंपियनशिप के लिए पहला पुरस्कार 10 लाख रुपये और वाउचर एवं ट्रॉफी तथा रनरअप पुरस्कार 6 लाख रुपये और वाउचर एवं ट्रॉफी दिया जाएगा। इस आयोजन की शुरुआत कैडी टूर्नामेंट से होगी। इसमें पहला पुरस्कार 1 लाख, दूसरा 60 हजार रुपये, तीसरे के लिए लिए 40 हजार, चौथे के लिए 30 हजार और पांचवे नंबर पर आने वाले को 20 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। अन्य पुरस्कारों में विजेता ग्रास को आईफोन 16 प्रो मैक्स, विजेता नेट को आईफोन 16 प्रो दिया जाएगा। आयोजन के पहले दिन 24 अक्टूबर को कैडी टुर्नामेंट, 25 अक्टूबर को प्लांटेशन ड्राइव, 26 अक्टूबर को सुबह 6 बजे सभी टीमों के खिलाड़ी जुटेंगे और 27 अक्टूबर 2024 को समापन समारोह होगा।*

# पुरानी बस्ती में जुआ खेलने वाले 5 जुआरी गिरफ्तार

भास्कर दूत



**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में जुआ, सट्टा जैसे कारोबार पर ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से रूपए पैसे की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। विवरण इस प्रकार है कि मुखबिर से सूचना मिला कि तुलसी नगर कुशालपुर आम जगह में कुछ जुआरियन ताश पत्ती से काट पत्ती का जुआ रूपए पैसे की हार जीत की बाजी लगाकर खेल रहे हैं की सूचना पर तत्काल घटना स्तर पर पहुंचकर घेराबंदी कर रूपए पैसे का दाव लगाकर हार जीत का खेल खेल रहे जुआरियन को पकड़ कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 413/2024 धारा 3 जुआ एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपियों को दिनांक 09.10.2024 को गिरफ्तार किया गाय।

नाम आरोपी- 01. विवेक राजपूत पिता कौशिक राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी कुशालपुर तिरंगा चौक के पास थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़।

02. शिवानंद शुक्ला पिता कपिल शुक्ला उम्र 24 वर्ष निवासी तुलसी नगर कुशालपुर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़।

03. मुरली साहू पिता शिव कुमार साहू उम्र 28 वर्ष निवासी तुलसी नगर कुशालपुर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़।

04. कमलेश मरकाम उर्फ पप्पू पिता शत्रुघ्न मरकाम उम्र 32 वर्ष निवासी कुशालपुर बाजार चौक मानव किराना स्टोर के पास थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़।

05. पलाश सोनछात्रा पिता विजय सोनछात्रा उम्र 33 वर्ष निवासी तुलसी नगर कुशालपुर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़।

# हरि कथा से बढ़कर कोई आनंद नहीं- रुचिता तिवारी

## महादेव भवन में श्रीमद् देवी भागवत कथा के अंतिम दिन रुचिता तिवारी ने कही अनेक प्रसंगों पर कथा

भास्कर दूत







**बालोद।** श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के 9वें दिन कथा वाचक रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया। आज कथा का अंतिम दिन था। कथा में तुलसी शालिग्राम विवाह के अलावा तुलसी की महिमा का बखान किया। रात्रि में रुचिता तिवारी द्वारा भजन की प्रस्तुति भी दी गई।

उन्होंने कहा कि हरि कथा में बहुत आनंद है। जहां हरि कथा हो रही हो वहां आप पहुंच जाएं तो तन और मन के सारे कष्ट अपने आप दूर हो जाते हैं। जो व्यक्ति कठिन समय के बाद भी भगवान को भजता है वह अपने सारे उद्देश्यों में सफल हो जाता है। जीवन का वृतांत सुनाते हुए कहा कि अलग-अलग लोगों के लिए जीवन का अलग-अलग महत्व हो सकता है। कुछ का मानना है कि जीवन संघर्ष है, ऐसे लोगों के पास भगवान नहीं है। वही जो गुरु के पास है जो भगवान को मानते हैं उनके लिए जीवन एक खेल है। इसके अलावा जो अपने बड़ों के आज्ञा का पालन करता है भगवान को नित्य प्रति पूजता है उनके लिए यह उपहार है। उन्होंने कहा कि भगवान सामर्थवान हैं। उसके दरबार में आने पर अपार शांति मिलती है।

### त्रिकालदर्शी हैं भगवान

एक कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि भगवान कण कण में विराजते हैं, एक अंधेरी गुफा में दिए की रोशनी जहां तक जा सकती है उससे दूर तक भगवान देख सकते हैं, अर्थात वे त्रिकालदर्शी हैं। भगवान राजा को रंक और रंक को राजा बना सकते हैं। कथा में उन्होंने बताया कि भगवान की लीला अपरंपार है। भगवान ने मनुष्यों के लिए लीला करी, जिसमें उन्होंने स्वयं अपने लिए कष्ट भी चुना। व्यास पीठ से रुचिता तिवारी ने आगे कहा कि लोगों को अच्छा कार्य करना चाहिए, अच्छा सोचना चाहिए, बुरे कार्य नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसका फल इसी जन्म में ही भोगना पड़ेगा।आगे कहा कि जो भगवान को पूजता है वह भगवान का ही हो जाता है। भगवान उन लोगों को मिलता है जो सरल और सहज होते हैं, अभिमानी व्यक्ति को भगवान कभी नहीं मिलते। भगवान की सेवा आशा रहित होकर करना चाहिए हम अपेक्षा पालकर भगवान की सेवा करते हैं यह गलत है क्योंकि आकांक्षा ही दुख का सबसे बड़ा कारण है।

### मां गंगा को भी आ गया था अभियान

मां गंगा के अवतरण की कथा को आज और विस्तार करते हुए उन्होंने बताया कि गंगा मैया के अवतरण के समय मां गंगा को भी अभिमान आ गया था। अभियान के चलते ही उन्होंने कहा कि मैं धरती में जाऊंगी तो पूरी धरती मेरे प्रवाह से फट जाएगी। इस अभियान को तोड़ने के लिए भगवान शंकर ने उसे अपने जटा में धारण कर लिया। गंगा मैया जटा में इस तरफ फंसी कि निकलने के लिए छटपटाने लगी और जब उसका अभियान टूटा तब भगवान शंकर ने उसे मुक्त किया। इसी प्रकार आगे जाते-जाते मां गंगा को एक बार फिर अभियान आ गया और उन्होंने एक महात्मा की कुटिया को बहा लिया। क्रोध में आकर महात्मा ने पूरे गंगा को पी लिया। भागीरथ की विनती करने पर महात्मा ने उसे कान के रास्ते प्रकट किया। कथा के दौरान मां सरस्वती मैया की उत्पत्ति की भी कहानी बताई।

### तुलसी व शालिग्राम की पूजा करने से मिलता है कई पुण्यों का फल

तुलसी माता की उत्पत्ति की कथा बताते हुए कथावाचक रुचिता तिवारी ने बताया कि तुलसी मैया की उत्पत्ति भी भगवान की ही एक लीला है। तुलसी मैया की इच्छा भगवान के साथ विवाह करने की थी इसको पूर्ण करने के लिए भगवान शालिग्राम के रूप में तुलसी के पास ही विराजमान हुए। इस दौरान संख चूर्ण नामक दैत्य के साथ तुलसी का विवाह फिर उसके बाद संघ चूर्ण के वध की कथा भी बताई। इस कथा में उन्होंने कहा कि तुलसी माता को कई वरदान प्राप्त हैं, तुलसी माता और शालिग्राम की पूजा करने से कई पुण्यों का फल मिलता है। तुलसी दल को किसी भी पूजा में शामिल किया जा सकता है इसके आशीर्वाद से घरों में भी सुख शांति बनी रहती है।

### अनेक लोगों ने किया कथा का रसपान

गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद् देवी भागवत कथा पर मुख्य जजमान गोवर्धन चांडक सहित काफी संख्या में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी, धीरज दुबे, राजू देशमुख, बाबू भाई पटेल , जगदीश पटेल, राजा टावरी, पप्पू रघुवंशी, यग दत्त शर्मा , मोहन शर्मा, अमृत भाई पटेल, बाबू भाई पटेल, विश्राम भाई पटेल, राम रतन टावरी, भुवनेश्वर शर्मा, ललित पटेल, जीतू पटेल, गौतम बाफना, टीकम पिपरिया, तोरण साहू, राम रतन टावरी, सतीश यादव, रामस्वरू टावरी, धीरज पटेल, जगदीश पटेल, प्रदीप पांडे, देवेंद्र साहू, शंकर पटेल, मधुसूदन देशमुख, असीम पांडे , संजय सोनवानी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहने आदि बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

### भजन संध्या में झूमे लोग

*श्री दुर्गा मंदिर में दोपहर 3 बजे हवन पूर्णा आहुति दी गई। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या लाडली रुचिता तिवारी के मधुरवाणी से प्रस्तुत की गई। महादेव भवन में कथा पंडाल में ही आयोजित भजन संध्या में देर रात तक श्रद्धालुओं ने भगवान के भजन का आनंद लिया। 12 अक्टूबर शनिवार को सुबह 9-30 कन्यापूजन एवं कन्याभोजन श्री दुर्गा मंदिर गंजपारा बालोद में रहेगी। इसके अलावा शनिवार को दोपहर 12 बजे से सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी( भंडारा) श्री महादेव भवन में रखा गया है। श्री दुर्गा समिति गंज पारा बालोद ने सभी धर्म प्रेमी बन्धु एवं सभी भक्त परिवार से पहुंचकर धार्मिक आयोजन का अमृत रसपान ग्रहण करने अपील की है।*

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में बलदाऊ राम साहू को राष्ट्रीय बालवाटिका सृजन सम्मान



**भिलाई।** राष्ट्रीय हिंदी बाल पत्रिका बाल वाटिका भीलवाड़ा द्वारा गुलाबपुरा गाँधी नगर में 21 वीं सदी में बाल साहित्य का दशा और दो दिवसीय संगोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजित समारोह में देश भर लगभग 100 से अधिक साहित्यकारों ने भाग लिया। शिक्षाविद यज्ञदत्त नागर स्मृति में आयोजित इस समारोह में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ बाल साहित्यकार को टम्मूदेवी सवाईराम प्रजापति स्मृति राष्ट्रीय बालवाटिका सृजन सम्मान 2024 गुलाबपुरा, गांधीनगर राजस्थान में प्रदान किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर से सेवानिवृत्त बलदाऊ राम साहू हिंदी व छत्तीसगढ़ी दोनों भाषाओं में अनवरत बाल साहित्य सृजन करते रहे हैं। दोनों भाषाओं में उनकी लगभग तीन दर्जन बाल साहित्य की प्रकाशित कृतियाँ हैं। इनमें कहानियाँ, कविता , चित्र कथाएँ और लोक कथाएँ शामिल हैं। बलदाऊ राम साहू का छत्तीसगढ़ के भूले-बिसरे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व छत्तीसगढ़ के 14 लोकभाषाओं के डाक्यूमेंटेशन में उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्हें इसी माह छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा नारायण लाल परमार बाल साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया है। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य व हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष हैं।

### योगेश्वर साहू को मिला संयुक्त सचिव का दायित्व



**गुण्डरदेही।** किलेपार निवासी योगेश्वर साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आई टी प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग के संयुक्त सचिव का पदभार ग्रहण कर ? प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू द्वारा नियुक्ति पत्र से सम्मानित किया गया नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह 6 अक्टूबर को रायपुर में कर्म धाम कृष्ण नगर में संपन्न हुआ जिसमें सभी पदाधिकारी को बिना किसी भेदभाव के समाज हित में कार्य करने तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ताम्रध्वज साहू कसडोल विधायक संदीप साहू रायपुर विधायक मोतीलाल साहू राजिम विधायक रोहित साहू बेमेतरा विधायक दीपेश साहू तथा समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

### रेडक्रास सोसायटी के नए सदस्य बनाये गए

**कोरबा ।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा के संरक्षक सदस्य रामसिंह अग्रवाल ने आज सोसायटी के सचिव और जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी डॉ केसरी को नए संरक्षक सदस्यों, उप संरक्षक सदस्यों और आजीवन सदस्यों की सूची तथा सदस्यता की राशि सौंपी। सोसाइटी की पिछली आमसभा में लिए गए निर्णय के अनुसार संरक्षक सदस्य रामसिंह अग्रवाल ने संस्था के नए सदस्य बनाने के लिए जन सम्पर्क किया और उनकी प्रेरणा से सर्वश्री राजेश कुमार बगड़िया, अखिलेश अग्रवाल, संरक्षक सदस्य, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, योगेश जैन, रामकुमार सोनी, रोहित शाह, उप संरक्षक सदस्य और 23 अन्य नागरिकों ने आजीवन सदस्य के रूप में सोसायटी की सदस्यता ग्रहण की है। आपको बता दें कि प्रदेश के प्रमुख समाजसेवी रामसिंह अग्रवाल प्रारम्भ से ही रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक सदस्य हैं। इसके अलावे लायन्स इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 323 सी के गवर्नर, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के करीब 15 वर्ष तक अध्यक्ष और अग्रवाल सभा कोरबा में अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल के दौरान उन्होंने कोरबा के विकास में अविस्मरणीय योगदान दिया है। रेडक्रास सोसायटी के मेडिकल स्टोर की कोरबा में स्थापना कराने का श्रेय भी उन्हीं को मिलता है।

### प्रोफेसर के साथ सड़क दुर्घटना, ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**कोरबा ।** बालको-उरगा बायपास मार्ग पर ग्राम नकटीखार मार्ग में कल सुबह एक बाइक सवार राखड़ भरे हाईवा के नीचे आ गया। उसके प्राण तो बच गए लेकिन इस घटना ने राहगीरों और ग्रामीणों को आक्रोषित कर दिया। गुस्साए लोगों ने सड़क पर एकत्र होकर रास्ता जाम कर दिया। सड़क के दोनों तरफवाहनों की लंबी कतार लगी रही। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से समझा कर चक्का जाम समाप्त कराया, इस दौरान कुछ उत्साही युवकों के साथ पुलिस की झूमा झटकी भी हुई। ग्राम नकटीखार मुख्य मार्ग पर एक कॉलेज के प्रोफेसर वेद प्रकाश सोनी के साथ घटित घटना से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया।

# माता का हवन पूजन कर नव कन्याओं को कराया गया भोजन

भास्कर दूत



**गुंडरदेही।** नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरा नगर माता की भक्ति में डूबा हुआ है नगर के विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा बड़ी सद्धाभाव के साथ माता की प्रतिमा को स्थापित किया गए हैं। आज अष्टमी एवं नवमी का दिन एक साथ होने के कारण कई स्थानों पर माता का हवन पूजन कर विसर्जन भी किया गया।

वही नगर के वार्ड क्रमांक 03 के दुर्गा पंडाल में माता दुर्गा जी की हवन पूजन कर नव कन्याओं का विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोजन कराया गया। बता दे कि हिंदू धर्म में माता दुर्गा की नौ रूपों की बड़ी मान्यता है। नवरात्रि का पर्व भी 9 दिनों तक होता है और 9 दिनों में माता के नव रुपों की विशेष पूजा अर्चना किया जाता है।

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के खाते से रुपये काट लिए

# कियोस्क सेंटर संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बिलासपुर ।** मस्तूरी विकासखंड के ग्राम सोन में सरपंच पति ने कियोस्क सेंटर संचालक से मिलीभगत कर पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के खाते से पांच-पांच हजार रुपये काट लिए। इसकी शिकायत पर अधिकारियों ने मामले की जांच की। गांव वालों के बयान के बाद कलेक्टर ने सरपंच पति और च्वाइस सेंटर संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कियोस्क सेंटर संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। इधर जुर्म दर्ज होने की भनक लगते ही सरपंच पति फरार हो गया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश कुर्रे ने बताया कि ग्राम सोन की सरपंच श्यामता केंवट हैं। उनके पति अशोक केंवट ग्राम पंचायत के काम की देखरेख करते थे। गांव वालों ने कलेक्टोरेट में शिकायत कर बताया कि कियोस्क सेंटर के संचालक साबित केंवट(22) ने उनके खाते में पीएम आवास योजना के रुपये की हेराफेरी की है। उसने सभी हितग्राहियों के खाते से पांच-पांच हजार रुपये निकालकर सरपंच पति के खाते में ट्रांसफर किए हैं। कलेक्टर ने मामले की जांच के निर्देश दिए।

इस पर बुधवार को अधिकारियों की टीम ने गांव पहुंचकर हितग्राहियों के बयान लिए। गांव वालों ने बताया कि उनके खाते में 20-20 हजार रुपये आए थे। कियोस्क सेंटर के संचालक ने उनसे अंगूठा लगवाकर पूरी रकम निकलवा ली। इसके बाद उन्हें केवल 15 हजार रुपये दिए गए। शेष पांच हजार को सरपंच पति के खाते में ट्रांसफर किए गए। गांव वालों के बयान लेकर अधिकारियों ने कलेक्टर को प्रतिवेदन दिया।

# माता चण्डी व माता शीतला मंदिर में हुआ हवन पूजन

भास्कर दूत





**गुंडरदेही।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर पूरा गुंडरदेही नगर माता के भक्ति में डूबा हुआ है नवरात्र पर्व हिंदू धर्म समाज के लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है। प्रतिवर्ष नगर में नवरात्रि का पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता आ रहा है। नगर में स्थित माता चंडी मंदिर और माता शीतला मंदिर में आज अष्टमी और नवमी एक दिल होने के कारण हवन पूजन भी किया गया। नगर के सबसे प्राचीन मंदिर चण्डी मंदिर में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजपरिवार के लोगों के द्वारा माताजी की विशेष पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया। नगर में स्थित माता चण्डी मंदिर का निर्माण करीबन 100 वर्ष पहले यहां के राजा (जमींदार) के द्वारा करवाया गया था। तब से राज परिवार के लोगो के द्वारा नवरात्रि के समय से माता जी की हवन पूजन राज परिवार के लोग ही करते आ रहे है। इसके साथ ही नगर की विभिन्न स्थानों पर विराजित माता दुर्गा के पंडाल में भी माताजी की विशेष पूजा अर्चना कर हवन पूजन कर नौ कन्याओं का विधि विधान से पूजा अर्चना भोजन करवाया गया। बता दे कि नौ कन्या माता के नौ रूपों के रुप में पूजी जाती है। अष्टमी एवं नवमी एक दिन होने के कारण कई स्थानों पर माता जी का हवन पूजन कर माता का विसर्जन भी किया गया। जिसको देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।




# चैतन्य देवियों की मनोरम झांकी का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन

## प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ज्ञानजंली भवन में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

भास्कर दूत






**दल्लीराजहरा** - लौह नगरी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञानांजलि भवन में चैतन्य देवियों की झांकी लगाई गई है जिस चैतन्य झांकी का उद्घाटन ब्रह्मा कुमारीज़ दल्लीराजहरा की संचालिका ब्रह्मा कुमारी पूर्णिमा बहिनजी,आईओसी राजहरा मुख्य महाप्रबंधक आर.बी गहरवार ,बहिनजी रेखा गहरवार, व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ शेखर गुप्ता,डॉक्टर शिरोमणि माथुर बहिनजी,जयदीप गुप्ता,स्वाधीन जैन,रमेश जैन,बहन गीता मरकाम, प्राचार्य टीआर रानाडे ने किया। इस चैतन्य देवियों की झांकी में विशेष रूप से कन्याओं द्वारा किया गया राजयोग अभ्यास से एकाग्रता की शक्ति है जो कि तपस्वी रूप में बैठी रहती हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भवन दल्लीराजहरा में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के तीसरे दिन उद्घाटन अवसर पर दल्लीराजहरा शहर व आसपास क्षेत्र के लोग पहुँचे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक आईओसी राजहरा आर.बी गहरवार ने चैतन्य देवियों के एकाग्रचित मन की सराहना करते हुए कहा कि यह राजयोग का ही कमाल है जो इतने समय तक पूर्ण स्थिरता के साथ यह बहने देवी स्वरूप में एकाग्रचित होकर बैठी है ।डॉ.शिरोमणि माथुर ने कहा की मानव जीवन का उद्देश्य है मैं कौन हूं? मेरा कौन है? और मुझे इस सृष्टि पर क्या करना है ।इन बातों को जानना। जिसका ज्ञान हमें इस संस्था में आने से प्राप्त होता है। पत्रकार संघ अध्यक्ष शेखर गुप्ता ने कहा कि ऐसी मनोरम झांकी देखकर मन आनंदित है

सचमुच यह योग का ही प्रभाव है जो यह देवियां इतने समय तक शांत मुद्रा में बैठ सकती है ।राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा कि इस स्थान पर आने से ही एक अलग सी ऊर्जा की अनुभूति हो रही है जो कि इन ब्रह्मकुमारी बहनों की तपस्या एवं साधना का परिणाम है । मुख्य महाप्रबंधक आरबी घर ने कहा कि हमारा जीवन आज इतना व्यस्ततम हो गया है कि शांति की कल्पना भी नहीं कर सकते, इसलिए केवल योग ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने जीवन में पुनः शांति को स्थापित कर सकते हैं। प्राचार्य टीआर रानाडे कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था पूरे विश्व को एकता एवं बंधुत्व में बांधने का सराहनीय कार्य कर रही है ।ब्रह्माकुमारी दल्लीराजहरा की मुख्य संचालिका पूर्णिमा दीदी ने कहा की आप सभी को यहां पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है ।शांति एवं प्रेम के सागर परमपिता परमात्मा इन बहनों के द्वारा विश्व में शांति एवं प्रेम स्थापित करने का अनुपम कार्य कर रहे हैं ।इस दौरान पत्रकार भोजराम साहू ,निलेश श्रीवास्तव एवं प्रजापति ब्रह्मकुमारी के अनुयायी उपस्थित थे।

# गंगा मईया में नि :शुल्क महाप्रसादी सेवा में जुटे रहे बेलमांड मंदिर के लोग

भास्कर दूत



**बालोद।** आञ्जनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पर्व में गंगा मईया तीर्थ स्थल में सभी सनातन धर्मियों,भक्तजनों, पदयात्रियों की सेवा में नि:शुल्क गंगा मईया महाप्रसादी सेवा प्रथम दिवस माताजी और हनुमान जी की पूजा अर्चना समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा करके प्रारंभ की गई जो आज पर्यंत सातवें दिन भी जारी रही ।इस सेवा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि समिति ने पर्यावरण सरक्षण का ध्यान रख कर प्लास्टिक के डिस्पोजल का त्याग कर भक्तो को प्लेट और थाली में कुर्सी टेबल लगाकर करा रही प्रसादी और यह संदेश दे रही है की ऐसा करने से पर्यावरण ,स्वच्छता,के साथ साथ सुंदर व्यवस्था के साथ पैसे की बचत भी होती है ।अब तक प्रथम दिवस 350, द्वितीय दिवस 850, तृतीय दिवस 1300,

चतुर्थ दिवस 1900,पंचम दिवस, शष्टम दिवस 6000,सप्तम दिवस 3400, अस्टम 2500 भक्तों के हाथों समिति महाप्रसाद पहुंचने में सफल रही। गंगा मईया ट्रस्ट द्वारा संचालित पूड़ी सब्जी सेवा,अन्नपूर्णा सेवा को ध्यान रखकर समिति ने तीन दिन पोहा, तीन दिन खिचड़ी, पंचमी पर पूड़ी सब्जी बांटी गई ।महाअष्टमी के प्रसाद में हलुवा पुड़ी महाप्रसादी की तैयारी आञ्जनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड ने कर रखी है ।समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ व समाज सेवी पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के नेतृत्व में उपाध्यक्ष रमेश कुमार रावते, महासचिव योगेश्वर यादव, सचिव भुनेश्वर कौशिक, सहित संरक्षक दयालु ठाकुर,संतराम साहू, नरोत्तम साहू, बहुत साहू , मुरलीधर साहू, पुस्कर सिंह राजपूत, कुशल सिंह देवांगन,टीकम साहू अंजली लैब, कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर बी आर साहू,प्रमोद साहू, कोमिं साहू, केकती साहू, टेमिन साहू, मनीष दास, डेमन यादव, तुषार चिराम, ऋषि साहू नंदकिशोर साहू, हस्मिता साहू,चंद्र देव साहू सहित ग्राम बेलमन्द की लगभग 50=60 महिलाओं ने अब तक निरंतर सेवा दी है।

भास्कर दूत

रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

## संपादकीय

# युद्ध कब तक चलेंगे, कुछ नहीं कहा जा सकता

इजराइल ने लेबनान पर जमीनी हमले की शुरुआत कर दी है। विश्लेषकों के मुताबिक अब इस युद्ध का परिणाम इसी युद्ध पर निर्भर करता है। 2006 की तरह हिज्बुल्लाह ने इजराइल को विजयी नहीं होने दिया, तो इजराइल को हालात बेहद प्रतिकूल हो जाएंगे। लेकिन इजराइल जीता, तो फिर यह संभव है कि फिलहाल इस इलाके पर उसका वर्चस्व फिर कायम हो जाए। लेकिन क्या उससे मौजूद युद्ध थम जाएगा?

पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध में सितंबर के दूसरे पखवाड़े में समीकरण नाटकीय रूप से बदले। निर्विवाद है कि इस अवधि में इजराइल ने बाजी पलट दी। सितंबर के पहले पखवाड़े तक सूरत यह थी कि इजराइल घिरा नजर आता था। गज़ा में उसके जारी नरसंहार से पास-पड़ोस में असीम आक्रोश था। उधर प्रतिरोध की धुरी' की युद्ध संघर्षण रणनीति कामयाब नजर आती थी। क्षय का युद्ध का अर्थ ऐसी जंग से समझा जाता है, जिसमें लंबी लड़ाई की रणनीति अपनाई जाती है। उस दौरान छोटे हमले जारी रखे जाते हैं, लेकिन खुल कर युद्ध यानी ऑल आउट वॉर नहीं होता। मकसद होता है, धीरे-धीरे दुश्मन की क्षमता को क्षीण करना, जिससे एक बिंदु पर जाकर पर वह समर्पण कर दे। अक्सर अपेक्षाकृत कमजोर ताकतें मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह रणनीति अपनाती हैं।

साल भर से (सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों के साथ मौजूदा युद्ध शुरू हुआ था) जारी युद्ध के दौरान 2a±×÷ शद्ब attritiäæn की रणनीति खासी कामयाब साबित हुई। इस दौरान इजराइल की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई और उसके मनोबल पर बहुत खराब असर पड़ा। हकीकत यह है कि अमेरिका से वित्तीय और हथियारों की लगातार मदद नहीं मिलती, तो इजराइल की अंदरूनी व्यवस्था इस अवधि में ढह चुकी होती। इस सिलसिले में यह भी उल्लेखनीय है कि इस वक्त इजराइल के अंदर अभूतपूर्व सियासी बंटवारा और टकराव है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अलोकप्रियता चरम पर है।

इन स्थितियों में नेतन्याहू प्रतिरोध की धुरी' के खिलाफ ऑल आउट वॉर के लिए बेसब्र होते गए, तो यह बात समझी जा सकती है। उनके इस आकलन में दम है कि सिर्फ इसी तरीके से इजराइल अपना अस्तित्व बचा सकता है और वे अपना सियासी वजूद बचा सकते हैं। मगर दो हफ्ते पहले तक ऑल आउट वॉर के अपने खतरे थे। लेबनान स्थित हिज्बुल्लाह पिछले चार दशक में एक मजबूत अर्ध-सैनिक शक्ति बन कर उभरा है। 2006 के युद्ध में उसने इजराइल को बराबरी पर रोक लिया था, जिसे हिज्बुल्लाह की नैतिक जीत माना गया। अब मारे जा चुके हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह अपने समूह को पश्चिम एशिया की एक प्रमुख सैनिक एवं राजनीतिक इकाई में तब्दील करने में कामयाब रहे थे।

# साहित्य जगत में धीरे-धीरे पग धरता एक नाम : रोशन साहू मोखला

### (12 अक्टूबर जन्मदिन पर विशेष आलेख)



अं चल के स्थानीय समाचार पत्रों में विगत 8 -10 वर्षों से एक नाम जिसकी हिन्दी व छत्तीसगढ़ी भाषा मे निरन्तर कविता पढ़ने को मिल रहा। वह नाम है रोशन साहू %मोखला% का । जिनकी कविताओं में आध्यात्म व दर्शन परिलक्षित होता है तो हमें वहीं समसामयिक रचनाओं का भी रसास्वादन करने मिल रहा। खामोशी ऐसी भाषा है जो समय आने पर वह सब अभिव्यक्त कर ही देती है जिसके लिए हम नितान्त मौन रहे हैं।यह भी सत्य है बिना किसी उद्देश्य के कोई भी व्यक्ति मौन नही रह सकता।

मौन जब मुखरित होता है तो लोक स्वर के संग- संग स्व चिंतन को भी अपने कलम में साधे समेटे हुए दिख पड़ता है। बहुत कुछ अर्थों में यह बात रोशन साहू मोखला के साथ सटीक जान पड़ता है।पेशे से शिक्षक साथ ही हारमोनियम वादन, मानस व्याख्यान, मंच संचालन साथ ही शिक्षक संगठन के अध्यक्ष,जिला समन्वयक सिरजन साहित्य समिति , जिला साहू समाज राजनांदगांव के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के सचिव जैसे महती जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। शिक्षकीय उत्तरदायित्वों का बेहतर निर्वहन के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरुस्कार शिक्षा दूत से सम्मानित हैं। बहुधा यह देखा जाता है कि लोग स्वयं को प्रस्तुत करने का कोई अवसर नही जाने देते लेकिन वे इस बात से इतर हैं। कहीं भी कुछ कार्यक्रम हो तो कई -कई बार एक दूसरे को दरकिनार कर आगे जाकर फोटो खिंचवाने की उत्कंठा में कइयों साहित्यिकारों को मैंने अब तक देखा है।किंतु उनके साथ रहकर मैंने देखा है कि जैसे ही फोटो सेशन की स्थिति आती है या तो स्वयं बाकी लोगों का फोटो खींचते हैं या वह पीछे रह जाते हैं मैंने उनसे कई बार इस बात को कहा भी तो वह कहते हैं -छोड़ ना भइया! क्या मतलब । हाँ एक बात अवश्य इस संदर्भ में कहना चाहूंगा कि लोगों को अवसर देने के मामले में वे कभी पीछे नहीं रहते चाहे साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियां हो या कोई और मंच (जिसे हम सांस्कृतिक विधा से जुड़े हुए लोग हंसी मजाक मेंमाईक चिपकू पर्सन कहते हैं) साहू जी के साथ ऐसी बात कभी भी नोटिस नही की। सारगर्भित तथ्यपूर्ण विचार सम्प्रेषण से जनमानस को प्रभावित करने में उनकी सानी नहीं।खुमान साव संगीत अकादमी व लोक धुन सुरता के विभिन्न कार्यक्रमों के मंच संचालन के दरम्यान यह बात नजर आई।

जिस विषय की तथ्यात्मक बातें उन्हें मालूम हो तो विचार रखने से गुरेज़ नहीं , सच को सच कह देना उनकी प्रवृत्ति है। 12 अक्टूबर 1969 को राजनादगांव जिलान्तर्गत ग्राम- मोखला में जन्मे रोशन साहू बेहद विनम्र स्वभाव व वर्तमान में जीने वाले व्यक्ति हैं। कई-कई बार उन्हें सुना है कि जो वेद शास्त्र नहीं सीखा पाया वह वैश्विक महामारी कोविड ने सीखा दिया और जो तात्कालिक परिस्थितयाँ निर्मित हुई थी वही आदमी की मूल स्थिति है इसके अलावा जो भी है वह इधर-उधर की बातें हैं उनकी कोविड पर लिखी पंक्ति दौर कैसा है ये, क्या - क्या दिखा गया।बहुतों ने सिखाना चाहा, ये सीखा गया।कभी न सोचा था ऐसा भी मंजर आएगा।नजदीकियां रूला गया दूरियां रुला गया ।देख लेना ये वक्त , तू भी गुजर जायेगा ।तेज भागते कदमों को, ठहरना आ गया।।

तो वहीं शादी के दिन बारातियों की अनावश्यक धमा चौकड़ी व खर्चीली शादी पर बाप और बेटी की आंखों ही आंखों की बात- निंदा चारी के झुलनी म,ददा झूलना अस झुलागे।अशीष कोन दिही इँहा सबो बफे मा भुलागे।। विलुप्त हो रहे सांस्कृतिक विधा लीला पर चिंतन होवय रामलीला, तो स्वार्थ की राजनीति पर दो टूक गांधी तोला पोगरावत हे% ।वर्तमान स्थिति को सुधारने के लिए किसी महापुरुष की बाट जोह रहे प्रवृत्ति पर - फोकटईया मन फोकट बांट-बांट,देस राज ला बेच दिहीं।भगतसिंह गांधी सुभाष ल , फेर इँहा नइ आना हे।।आतंकवाद पर तो उनकी लेखनी और भी सीधा और सपाट है- ऐसे आदमखोरों को अब, भूखे शेरों के आगे डाला जाए ।निरीह कब तक बने निवाला, दर्द ऐसा अब न पाला जाए। न्याय यही कि ऐसे भेड़ियों को ,भूखे शेरों के आगे डाला जाए ।। तो वहीं नारी अत्याचार पर बहिनों बेटियों को जगाते हैं-अईसन का नदानी वो बेटी, तोर होगे चानी-चानी। उनकी कविताओं में आध्यात्म व दर्शन की छाप स्पष्ट परिलक्षित होती है अउ कतका संसार हे व आकाश के उस पार कोई है,जो आवाज दे रहा रह रहकर जैसी अनेकानेक लेखनी उनके कलम ने सृजित की है। एक बात और कि व्यंग्य रचना छूटे शब्दबाण के वापसी ,कान म जुंवा नइ रेंगना (एक वैश्विक समस्या) गुदगुदाते हुए भी विसंगतियों पर चोट करने में सफल है तो हास्य की कैप्सूल में व्यंग्य पंक्ति %बइठांगुर के जादा खरचा हे% जैसी कई और रचनाएं व्यवस्थागत विसंगतियों पर प्रहार करने से नही चूकता। वे प्रेम गीतों के भी गायक हैं जिसकी बानगी- पिला पिलाकर साकी भी हारा, मन बैरागी हुआ नही। रुक्मिणी की पीड़ा का रेखांकन- कुछ तो कहो हे ! मधुसूदन नींदों में भी तुम जगते हो।सारा जग जपता तुम्हे,तुम राधे- राधे जपते हो।। तो वेदना की एक पंक्ति-

पलकों पले सपन सलोने अश्रुधार न धोये।

ऐसी चलन चले कि कहीं मीरा अब न रोये।।

तो वहीं अपनी प्रेम गीत दर्द कहाँ से लाओगे में वे प्रेम पर लिखने वालों के लिए भी कहते है-अधरों का छुअन ना आलिंगन, प्रेमपाश ना बंध पाओ।नैनों से झर-झर नीर बहे,स्वाति बूंद भी ना तुम पाओ।।तब गीत ऐसा लिख जाना,नित नूतन चिरन्तन शाश्वत हो।शब्द व्यंजना के हे कुशल चितेरे ,वो दर्द कहां से लाओगे।। तो कभी प्रेम की ऐसी विषम परिस्थितियों पर उनकी कलम बयां करती कि-सभी कुछ माफ है तुझको, तेरा तो मुँहजबानी है।आधुनिक जीवन के उहापोह और टूटते परिवार पर भी उनकी चिन्ता - नित हो रहे मकां बड़े,घरौंदा हो रहा छोटा। बात- बात पर अहं खड़े, मन हो रहा छोटा।।सुधीय पाठकों की नजरों में वे साहित्य जगत के लिए धीरे धीरे ही सही सशक्त हस्ताक्षर बन रहे हैं किंतु उनसे बातचीत के दरम्यान वे कभी भी स्वयं को कवि नही मानते,वे कहते हैं साहित्य के महा सागर में स्वयं का अस्तित्व बूंद के हजारवें हिस्सा जितना भी नही। बस इस तरह की उनकी व्यक्तित्व ने मुझ जैसे संगीत धर्मी को हारमोनियम के रीड जगह कलम पकड़ने को विवश किया कि अहं शमित ऐसे कलमकार पर कुछ लिख सकूँ। धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय, माली सींचे सौ घड़ा, ॠतु आए फल होय। नि:संदेह यह पंक्ति धीरे - धीरे चरितार्थ हो रहा है।आज उनके 55 वें जन्मदिन पर संस्कारधानी सहित प्रदेश के साहित्यकारों, कलाकारों की ओर उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं व बधाइयाँ ।आपकी संगीत व साहित्य साधना अनवरत चलती रहे।आपके दीर्घायु व मंगलमयी जीवन की असीम कामनाएँ।




गोविन्द साव
(संस्थापक खुमान साव संगीत अकादमी/ लोक संगीतकार)

# श्रीराम के कोप की सामाजिक उपयोगिता



मध्यकालीन सगुनभक्ति धारा के राममार्गी शाखा के सर्वोत्तम कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की कालजयी रचना रामचरितमानस विश्वसाहित्य की उत्कृष्ट रचनाओं में से एक है। राम, चरित व मानस जैसे त्रयपावन शब्दों से निर्मित महाकाव्य रामचरितमानस में न केवल भारतवर्ष; अपितु सारे जगत का अस्तित्व समाया हुआ है। विभिन्न छंदों से आबद्ध, अलंकारों से सुसज्जित व शब्दशक्ति-गुणों से परिपूर्ण यह सरस महाकाव्य रामचरितमानस समस्त मानवीय मूल्यों के दृष्टिकोण से एक अतुलनीय रचना है।

गोस्वामी तुलसीदास जी के महाकाव्य रामचरितमानस के प्रमुख पात्र श्रीराम के मानवीय गुणों के आधार पर काव्यग्रंथ की संज्ञा सार्थक है। स्वयं तुलसीदास जी ने अपने इस काव्य में श्रीराम के चरित्र के प्रति अपना मनतव्य रख उन्हें एक महानायक के रूप में चित्रित किया है। राम के सद्गुणों पर उन्होंने विभिन्न सात सोपान- बालकाण्ड , अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड , सुंदरकाण्ड, लंकाकाण्ड उत्तरकाण्ड के जरिए अपना विचार रखा है। पूरे महाकाव्य रामचरितमानस में श्रीराम एक आदर्शपुत्र व आज्ञापालक शिष्य से लेकर एक महान-आदर्श नरेश के रूप में वर्णित हैं।

तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में श्रीराम की पात्रतानुसार मर्यादा का संदेश दिया है। सहजता, सादगी, व कर्त्तव्यपरायणता श्रीराम की प्रमुख चारित्रिक विशेषताएँ रही हैं। लेकिन पूरे काव्य में श्रीराम ने स्वयं को कहीं पर भी ईश्वर घोषित नहीं किया है; बल्कि वे अपने कर्मों के चलते जनमानस में ईश्वर निरूपित हुए हैं। इस पावन ग्रंथ में श्रीराम ने हर युद्ध के पूर्व शांति स्थापित करने का प्रयास किया है; और युद्धोपरांत उनका नीतिपूर्ण शांति स्थापना; सराहनीय है। लिहाजा सांसारिक दृष्टिकोण से उन्हें विश्वशांति के महादूत की संज्ञा दी जा सकती है।

रामचरितमानस के षष्ठम सोपान लंकाकाण्ड में एक प्रसंग आता है, जब यह पता चलता है कि देवी सीता लंका के अशोक वाटिका में है, तब श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ कपिराज सुग्रीव व उनके सैन्यदल सहित समुद्र तट को प्रस्थान करते हैं। रत्नाकर की विशाल जलराशि देख श्रीराम लंका के मुख्य मार्ग प्रशस्त हेतु समुद्र से अनुरोध करते हैं। जब श्रीराम के अनुनय-विनय पर समुद्र मौन साध लेते हैं, तब वे अनुज लक्ष्मण को इंगित करते हुए समुद्र के प्रति अपना कोप प्रदर्शित करते हैं।

लछ्मन बान सरासन आनू।<br>
सोषौं बारिधि बिसिख कृसानू।<br>
सठ सन बिनय कुटिल सन प्रीति।<br>
सहज कृपन सन सुंदर नीति।

वयोवृद्ध सुजान विशाल सागर की मौन-अस्वीकृति से श्रीराम कुपित होते हैं। फिर उनके कोप से समुद्र अवगत हो जाते हैं। और ज्यों ही श्रीराम धनुष पर बाण चढ़ाते हैं, और प्रत्यंचा खींचते हैं; समुद्र के हृदय में भय उत्पन्न होता है। फिर श्रीराम के प्रति समुद्र के हृदय से अनुरोधात्मक शब्द निकलते हैं।

प्रभु प्रताप मैं जाब सुखाई।<br>
उतरिहि कटुक न मोरि बड़ाई।<br>
प्रभु अज्ञा अपेल श्रुति गाई।<br>
करौं सो बेगि जो तुम्हहि सोहाई।

समुद्र स्वयं को जड़मति स्वीकारते हुए हार्दिक अनुराग लिये विनय करते हैं। श्रीराम के प्रति उनका अनुराग ही श्रीराम के प्रति सम्मान है।

सभ्य सिंधु गहि पद प्रभु करें।<br>
क्षमहु नाथ सब अवगुन मेरे।

यह भी कहा जा सकता है कि समुद्र श्रीराम जैसे धीर-वीर पुरुष के हृदय में कोप की व्युत्पत्ति चाहते हैं। उन्हें विदित है, श्रीराम के कोप का सदुपयोग सांसारिक हित में है, क्योंकि समस्त देश-काल लंकाधिपति रावण के आधीन हैं।? दशानन रावण के आतंक से अधिकांश चराचर प्राणी आतंकित हैं। जो लंकापति के विरुद्ध हैं, वे सभी चाहते हैं कि रावण सहित उनके अनुयायियों का समूल विनाश हों। साथ ही, समुद्र को अवगत है कि श्रीराम के धनुष पर चढ़े तीर का निकलना लक्ष्य-भेदन ही होता है। तभी तो वे बड़ी विद्वतापूर्वक श्रीराम के कोप की सामाजिक उपयोगिता सिद्ध करते हैं। समुद्र का व्यक्तव्य रामचरितमानस में इस तरह उल्लेखित है।

एहि सर मम उत्तर तट बासी।<br>
हतहु नाथ खल नर अध रासी।<br>
सुनि कृपाल सागर मन पीरा।<br>
तुरतहि हरी राम रनधीरा।


अंततः जनसामान्य को अवगत हो ही जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रति समुद्र के हृदय में भय, भय से प्रीति; और प्रीति से सम्मान का स्थान बनता है, जो सांसारिक लोककल्याण हेतु नितांत आवश्यक रहा है। जय श्रीराम...!



टीकेश्वर सिन्हा
'गब्दीवाला'

## सतयुग का रावण, कलयुग का राम

सतयुग में रावण था,<br>
दस सिरों का राजा,<br>
कलयुग में राम हैं,<br>
पर सिर एक ही साजा।<br>
रावण ने सीता हरी,<br>
लंका में ले आया,<br>
राम ने सीता पाई,<br>
पर घर में ही बसाया।<br>
रावण का पुष्पक विमान,<br>
उड़ता था आकाश में,<br>
राम की कार है,<br>
पर फंसी है ट्रैफिक के जाल में।<br>
रावण ने तपस्या की,<br>
शिव को प्रसन्न किया,<br>
राम ने भी पूजा की,<br>
पर बिजली का बिल बढ़ा दिया।<br>
रावण ने सोने की लंका बनाई,<br>
जल में भी तैरती थी,<br>
राम ने सोने का सपना देखा,<br>
पर EMI में ही डूबती थी।<br>
रावण का अंत हुआ,<br>
राम ने उसे हराया,<br>
कलयुग के राम ने,<br>
बस EMI को चुकाया।<br>
सतयुग का रावण,<br>
कलयुग का राम,<br>
दोनों की कहानी में,<br>
बस समय का है काम।



गिरीश ठक्कर
स्वर्गीय

## रावण बुराई का प्रतीक

गत दशहरे भी था किया<br>
उस रावण का अंत।<br>
एक साल में ही हो गए<br>
रावण फिर अनंत।।

पग - पग पे मौजूद है<br>
रावणों की फौज।<br>
धरा, धर्म पर जुल्म कर<br>
रावण कर रहे मौज।।

भीतर, बाहर, हर जगह<br>
है रावण का प्रभाव।<br>
रावण बुराई का प्रतीक<br>
दुष्टता उसका स्वभाव।।

रावण भी है, राम भी<br>
घट - घट में मौजूद।<br>
जिसकी जितनी मौजूदगी<br>
उतना उसका वजूद।।

गर हर मन से रावण मिटे<br>
तो धरा स्वर्ग बन जाय।<br>
रामराज्य की हो स्थापना<br>
बढ़े रामायण अध्याय।।

आज अपने मन के राम से<br>
करिए विनती कर जोर।<br>
वे रावण का यूं वध करें<br>
,%ओम% बचे अंश ना और।।



-ओमप्रकाश चोरमा
शाहगंज, जिला सीहोर

## बेटी हैं रिश्तो की डोर

जब होता है घर में बेटियों का आगमन,<br>
वसुंधरा-सा महक उठता हमारा घर आंगन।

घर में जब भी कोई होती है हलचल।<br>
उसके आने से ही होती है चहल-पहल।

बेटियों के पग होते हैं खुशियों का आधार।<br>
तभी तो महक उठते हैं हमारे घर-संसार।

ममता रूपी माँ बन हमें प्यार हैं लुटाती,<br>
जब गलती करें हम पास हमें है बिठाती।

बहन, बेटी, पत्नी व माँ का ऐसा होता स्थान,<br>
परिवार इन्हें ही देता वह जबरदस्त सम्मान।

कन्या ही हर रूपों में देती है सब संस्कार।<br>
मुसीबत में घिर जाओ तो करती बेड़ा पार।

जब होता कोई विवाद डट करती है सामना।<br>
इन्हें ही आता है रिश्तो की डोर को थामना।

संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)

## हास-परिहास

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के विरुद्ध हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में 32 नक्सली ढेर। मुठभेड़ में बड़े कैडर के इनामी नक्सली भी मारे गए।

हिंसा का पथ छोड़ दो, बहुत हुआ टकराव।<br>
गांधी, गौतम चाहिए, जो रोकें भटकाव॥

हरियाणा में हार से इंडी गठबंधन में रार। कांग्रेस पर संजय राऊत ने अति-आत्मविश्वास रखने का, टीएमसी ने क्षेत्रीय दलों को दरकिनार करने का व सीपीआई ने सहयोगियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

जीते के सौ बाप हैं, हारा फिरे अनाथ।<br>
खड़ी सामने भाजपा, लड़ो सभी मिल साथ॥

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय पर दल के प्रवक्ता पावन खेड़ा हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ते हुए आरोप लगाया कि जहाँ उसकी बैटरी पॉवर 99% था वहाँ कांग्रेस जीती और जहाँ 70% से भी कम था वहाँ बीजेपी जीती।

हँस दी ईवीएम भी, सुन खेड़ा की बात।<br>
बची-खुची छवि पर भला, लगा रहे क्यों घात॥

उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर भारत के अनमोल रतन को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब। महाराष्ट्र में एक दिन का राजकीय शोक व विधानसभा में उन्हें भारतरत्न अलंकरण दिए जाने की माँग का प्रस्ताव पारित।

जिसने जग में देश का, बहुत बढ़ाया मान।<br>
श्रद्धा से उसको नमन, करता हिंदुस्तान॥

कहीं रोटी में थूक लगाने, कहीं खजूर में मुँह से गुठली निकालकर पैक करने, कहीं गन्ने के रस में मूत्र मिलाने और कहीं गरबों में नाम बदलकर देखने पहुँचने वालों के प्रकरण सामने आए। एक समुदाय विशेष के लोगों के नाम सामने आए।

कोई होता रहनुमा, दिखा सके जो राह।<br>
हिंदू-मुस्लिम एकता, आज वक्त की चाह॥



ओम वर्मा
100, रामनगर एक्सटेंशन
देवास 455001( म.प्र. )

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको करियर में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही लोगो के बीच आपकी प्रसंशा होगी। अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करना चाहते है तो घरवालों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृषभ** — आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आज आपको अचानक कुछ ऐसा हासिल होगा, जिसकी आपको बहुत दिनों से तलाश थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन लाभदायक रहने वाला है।

**मिथुन** — आज का दिन खुशियाँ देने वाला साबित होगा। बच्चे आज अपनी पढाई का शेड्यूल बदलेंगे, पढने में मन लगा रहेगा 7 शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कुछ नया सीखने का अवसर मिलेंगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज प्रमोशन के योग बन रहे है।

**कर्क** — आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज किसी अनजान व्यक्ति पर ज्यादा भरोसा ना करें। छात्रों को पढ़ाई में आज और ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी, अच्छा रिजल्ट देखने कों मिलेगा ।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आप खुद को आर्थिक रुप से मजबूत बनाने की योजना बनायेंगे। वकीलों को आज किसी पुराने मुदद्दे पर बड़े कानूनी सलाहकार की मदद मिलेगी, साथ ही उनकी नये क्लाइंट्स से मुलाक़ात होगी।

**कन्या** — आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। ऑफिस में हर कोई आपके कार्यों से प्रभावित होगा। आज आपके घर आपसे मिलने कोई रिश्तेदार आयेगा। आज उनके साथ अलग-अलग व्यंजनों का आनंद उठाएंगे। आज आप जीवनसाथी को कोई ज्वेलरी उपहार देंगे, जिससे आपके रिश्तें बेहतर होंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कुछ जरुरी कार्यों की वजह से आज आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। अगर आप कही पैसा निवेश करना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। घरवालों के साथ किसी बात को लेकर बात-चीत करेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाशने की कोशिश करेंगे। विरोधी आज आपके सामने दोस्ती का हाथ बढ़ाएगे। इस राशि के बच्चे स्कूल का होमवर्क पूरा करने में किसी की मदद लेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। दुकानदारों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। आज आप जिस भी काम में हाथ बढ़ायेंगे, वो जरुर सफल होगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा। आज आपको बड़े भाई का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा।आज का दिन कार्यों में सफलता दिलाने वाला होगा। आज आपको ज्यादा भावुक होने से बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपकी बातों को समझने की कोशिश करेंगे। आज आप कठिन परिस्थितियों में भी सटीक फैसले लेंगे।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप खुद को गर्व से भरा महसूस करेंगे। आपको जीवनसाथी से कोई अच्छी खबर मिलेगी। वेब डिजाइनिग का काम करने वालों को कोई बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लगेगा।

**मीन** — आज आपकी आर्थिक परेशानियों का हल निकलेगा, कोई दोस्त आपकी मदद करेगा। शाम को आप घर वालों के साथ मिलकर अच्छा समय बितायेंगे। व्यापार के प्रति आज की गयी कोशिशें, भविष्य में रंग लायेंगी। सेहत के मामले में भी सब कुछ अच्छा रहेगा ।

## शब्द सामर्थ्य- 398

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**
1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | 17 | ■ | ■ | ■ | | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

## शब्द सामर्थ्य – 397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू क्र. 398

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र. 397 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

भास्कर दूत

रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024

# सेंसेक्स में 200 अंक से ज्यादा की गिरावट

## निफ्टी भी 60 अंक गिरा




**मुंबई।** सेंसेक्स आज यानी 11 अक्टूबर को 200 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 81,360 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 60 अंक की गिरावट है, ये 24,930 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट है। NSE के बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में बिकवाली देखने को मिल रही है।

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.59% की तेजी है। कोरिया का कोस्पी 0.39%और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.31% की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है।

10 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.14% गिरकर 42,454 पर और नैस्डैक 0.052% गिरकर 18,282 पर बंद हुआ। S&P 500 भी 0.21% गिरकर 5,780 पर बंद हुआ।

NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 10 अक्टूबर को 4,926.61 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने ?3,878.33 करोड़ के शेयर खरीदे।

### हुंडई मोटर का IPO 15 अक्टूबर को ओपन होगा

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 15 अक्टूबर को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 17 अक्टूबर तक बिडिंग कर सकते हैं। 22 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे।

### बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले कल यानी 10 अक्टूबर को सेंसेक्स 144 अंक की तेजी के साथ 81,611 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 16 अंक की तेजी रही, ये 24,998 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 13 में गिरावट थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी थी। NSE के फार्मा सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.01% की गिरावट थी।

# दिवाली पास आते ही चढ़ गये सोने के तेवर, कीमतों में भारी उछाल, चांदी में भी तेजी

**मुंबई ।** फेस्टिव सीजन में डिमांड बढ़ने का असर सोने-चांदी की कीमतों पर भी दिख रहा है। इन कीमती धातुओं के भाव शुक्रवार सुबह बढ़त के साथ ट्रेड करते दिखे हैं। घरेलू वायदा बाजार में भी आज सोने-चांदी की कीमतें हरे निशान पर खुलीं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार सुबह 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.71 फीसदी या 531 रुपये की बढ़त के साथ 75828 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वैश्विक स्तर पर भी सोने-चांदी की कीमतों में आज अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली।



### चांदी में तेज उछाल

सोने के साथ ही चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में भी शुक्रवार सुबह अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाली चांदी शुरुआती कारोबार में 0.87 फीसदी या 786 रुपये की बढ़त के साथ 91090 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी। सोने के साथ ही चांदी की वैश्विक कीमतों में भी उछाल देखने को मिला है।

### वैश्विक बाजार में सोना

वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। यह 0.87 फीसदी या 22.90 डॉलर की उछाल के साथ 2662.20 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.61 फीसदी या 15.96 डॉलर की बढ़त के साथ 2645.70 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

### वैश्विक स्तर पर चांदी

शुक्रवार सुबह चांदी की वैश्विक कीमतों में तेजी देखने को मिली। कॉमेक्स पर चांदी का भाव शुक्रवार सुबह 0.98 फीसदी या 0.31 डॉलर की बढ़त के साथ 31.55 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सिल्वर स्पॉट 0.56 फीसदी या 0.17 डॉलर की बढ़त के साथ 31.34 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

# हुंडई इंडिया 2028 तक कार उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 11 लाख यूनिट्स करेगी

**नई दिल्ली ।** हुंडई इंडिया की ओर से ऐलान किया गया है कि कंपनी की योजना 2028 तक अपनी कार उत्पादन क्षमता को 30 प्रतिशत बढ़ाकर 11 लाख यूनिट्स करने की है, जो कि फिलहाल 8,24,000 है। कंपनी इसके लिए पुणे यूनिट में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके साथ पुणे में एक नया कार उत्पादन प्लांट भी लगाया जाएगा। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि इससे कंपनी की वॉल्यूम में इजाफा होगा और घरेलू एवं निर्यात बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी।



हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के आईपीओ के लिए बुलाई गई प्रेस वार्ता के दौरान कंपनी ने सीईओ किम उन्सू ने कहा कि 2023 से 2032 के दौरान एचएमआईएल की ओर से भारत में 32,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी इस दौरान इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में अपनी क्षमता बढ़ाने और प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान देगी। भारत में कंपनी के लिए एसयूवी सेगमेंट में काफी अवसर हैं।

कंपनी ने कहा कि हमारे पास वैश्विक बाजारों में बहुत मजबूत अनुभव था, इसलिए हम वास्तव में यह पहचानने में सक्षम हुए कि एसयूवी के लिए भारतीय बाजार में बड़ी संभावनाएं हो सकती हैं और आप देख सकते हैं कि एसयूवी सेगमेंट बीते कुछ वर्षों में कितना बढ़ गया है।

जानकारी के मुताबिक, हुंडई की ओर से भारत में ऑपरेशन क्षमता बढ़ाने के साथ नई एडवांस टेक्नोलॉजी और आरएंडडी में निवेश किया जाएगा। हुंडई मोटर इंडिया, भारतीय शेयर बाजार में आईपीओ लाने जा रही है। यह 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आम निवेशकों के लिए खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 1,865 रुपये से लेकर 1,960 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

# मुखर्जी नगर सीलिंग को लेकर संसद मनोज तिवारी ने दिया आश्वासन

राजीव दुबे (ब्यूरो दिल्ली)
भास्कर दूत

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर में बिना कोर्ट के आदेश के बिना एमसीडी वाले सीलिंग कर रही हैं ।जिससे मुखर्जी नगर वाले हैरान परेशान हैं । इस मुद्दे को लेकर आज मुखर्जी नगर वालों ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया ।इस कार्यक्रम में मुखर्जी नगर के तमाम कोचिंग संस्थान से जुड़े लोगों ने भाग लिया ।इन्हीं समस्याओं के समाधान को लेकर उत्तर पूर्वी दिल्ली के संसद मनोज तिवारी ने कहा जो भी यहाँ के लोगों की समस्या है उसका समाधान किया जायेगा । मनोज तिवारी ने कहा सीलिंग को लेकर शासन प्रशासन से बात की जायेगी जो भी दिक्कत होगी उसको दूर किया जायेगा। मनोज तिवारी ने कहा कि अगर किसी अन्य पक्ष को कोई दिक्कत है तो उन से मिलकर अपनी बात रख सकता है ।उन्होंने उपस्थित लोगॉ को आश्वासन दिया कि सीलिंग के नाम पर अगर कोई अधिकारी परेशान करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।



इस अवसर पर मणिकांत सर ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा लोगॉ को गुमराह कर एक अपवाह फैलाई जा रही है कि मुखर्जी नगर में सीलिंग होगी। जिसके चलते यहाँ पर पढ़ने वाले छात्रों के बीच एक पैनिक बनाया गया है । उन्होंने कहा कि मुखर्जी नगर से पढ कर बड़े पदों पर अधिकारी बैठे हैं ।उन्होंने कहा कि मुखर्जी नगर देश का प्रमुख शिक्षण हब है और हब रहेगा ।मुखर्जी नगर सबसे सुरक्षित है ।

इस अवसर पर हजारों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर पी एल ए पहुजा लॉ एकेडमी के लीगल एडवाईजर एडवोकेट पीयूष पहुजा ने कहा ने कि सीलिंग को लेकर कोई ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए ताकि कोचिंग संस्थान के साथ साथ अन्य संस्थाओं को भी परेशानी ना हो ।और यहां से जज और आईएएस पढ़ कर निकलते है । पीयूष पहुजा ने कहा कि उनका खुद का ऑफिस एमसीडी वाले सील कर गये थे ।जबकि उनका ऑफिस वकील का है । इस मामलें को लेकर हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ऑफिस को खोला गया है ।

# वैकल्पिक रोजगार मीडिया के क्षेत्र में भी है- पत्रकार अमलेश राजू

राजीव दुबे ( ब्यूरो दिल्ली )
भास्कर दूत

**नई दिल्ली ।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान जनकपुरी (आईआईटीएम) नई दिल्ली में मीडिया में कैरियर के रुझान पर आयोजित विशेष व्याख्यान में जनसत्ता के वरिष्ठ पत्रकार अमलेश राजू ने कहा कि पत्रकारिता केवल अखबार, टीवी टैनल, डिजिटल और यूट्यूब में ही नहीं बल्कि इससे अलग कई क्षेत्रों में फैलता जा रहा है। कैरियर ट्रेंडस एंड अपारच्यूनीटिज इन मीडिया ( मीडिया में कैरियर के रुझान और अवसर) विषय पर राजू ने कहा कि पत्रकारिता के अवसर के मामले में विज्ञापन और फोटोग्राफी भी अब पुरानी होते जा रही है। दरअसल देश में जिस तरह वैकल्पिक रोजगार की बाढ़ आई है उससे मीडिया भी अछूता नहीं है। चाहे वह कटेंट लेखन हो, बड़े व्यावसायिक घराने के नीति निर्धारकों के एक अंग बनने के रुप में हो या पत्रकारिता के सभी क्षेत्रों में विश्लेषक की भूमिका हो, अवसर तलाशने की आवश्यकता होती है। अब तो गूगल, फेसबुक, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया में पत्रकारिता के छात्रों की मांग ज्यादा देखी जा रही है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि यदि नए छात्रों में खबर लिखने, बनाने, उसे प्रस्तुत करने की दक्षता है, समाज में घटने वाली घटनाओं के विश्लेषण करने की क्षमता है तो उसके सामने रोजगार के अवसर की कमी नहीं है। संस्थान के निदेशक प्रो (डा) रचिता राणा ने कहा कि पत्रकारिता में अवसर की कमी नहीं है। छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करना चाहिए, अवसर तो खुद ब खुद उनके सामने आएंगे। इस दिशा में विशेषज्ञों को बुलाकर छात्रों के मार्गदर्शन के लिए आईआईटीएम विशेष व्यवस्था कर रहा है।



कार्यक्रम के बाद अमलेश राजू ने संस्थान के निदेशक प्रो (डा) रचिता राणा को संधीश पब्लिकेशन से प्रकाशित अपनी नवीनतम पुस्तक पत्रकारिता के व्यावहारिक गुर की प्रति भेंट की। छात्रों के बीच इस पुस्तक के बारे में बताते हुए विभाग के सहायक प्रोफेसर डा राहुल कुमार ने कहा कि यह पुस्तक पत्रकारिता के छात्रो के लिए बहुत लाभदायक है। इसमें पत्रकारिता की व्यावहारिकता पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि पढ़ाई के दौरान छात्रों को शुरूआती और इतिहास की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में मास कम्युनिकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष डा निवेदिता शर्मा और सहायक प्रोफेसर राजनीश कुमार पांडेय सहित अन्य शिक्षाविद भी मौजूद थे।

## खेल



मुल्तान। पाकिस्तान की टीम मुल्तान टेस्ट की पहली पारी में 556 रन बनाने के बाद भी हार गई है। इंग्लैंड ने मेजबानों को पारी और 47 रनों से हराया। यह पहला मौका है, जब कोई टीम पहली पारी में 500+ का स्कोर बनाने के बाद पारी से हार गई है। शुक्रवार को मुकाबले के आखिरी दिन पाकिस्तान ने 152/6 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने आखिरी 3 विकेट 68 रन बनाने में गंवा दिए। टीम का एक बल्लेबाज बीमारी के कारण बैटिंग करने नहीं उतर सका।

# पहली बार 500 रन बनाकर पारी से हार

### पाकिस्तान ने 556 रन बनाए थे, इंग्लैंड ने 823 बनाए, PAK फिर 220 पर ऑलआउट

इससे पहले, इंग्लैंड ने पहली पारी 823/7 के स्कोर पर डिक्लेयर की और 267 रन की बढ़त बनाई। पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 556 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इस जीत से इंग्लिश टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। सीरीज का दूसरा टेस्ट 15 अक्टूबर से इसी मैदान पर खेला जाएगा।




### पहली पारी में पाकिस्तान का पलड़ा भारी

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने पहली पारी में 556 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अब्दुल्लाह शफीक (102 रन), कप्तान शान मसूद (151 रन) और सलमान आगा (104 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। जबकि सउद शकील (82 रन) अर्धशतक जमाया। इंग्लैंड की ओर से जैक लीच ने 3 विकेट झटके। गॉस एक्लिस्टन और ब्रायडन कार्स को 2-2 विकेट मिले।

### इंग्लैंड ने रिकॉर्ड 823 रन बनाए

556 रन के स्कोर के जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी 823/7 के रिकॉर्ड स्कोर पर डिक्लेयर की। यहां इंग्लैंड की टीम को 267 रन की बढ़त मिली। इंग्लैंड की ओर से जो रूट ने 262 और हैरी ब्रूक ने 317 रन की पारियां खेलीं। यहां टेस्ट मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता नजर आ रहा था।

### चौथे दिन के आखिरी डेढ़ सेशन में बिखरी पाकिस्तान

दूसरी पारी में पाकिस्तान की बैटिंग चौथे दिन डेढ़ सेशन में बिखर गई। गुरुवार, 10 अक्टूबर को इंग्लैंड ने चौथे दिन के दूसरे सेशन में पारी घोषित की। उसके बाद पाकिस्तान ने 152 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए। ओपनर अब्दुल्लाह शफीक शून्य, साइम अयूब 25, कप्तान शान मसूद 11 और बाबर आजम 5 और सउद शकील 29 रन बनाकर आउट हुए।

### सलमान और जमाल ने उम्मीदें जमाई, लेकिन हार नहीं टाल सके

मुकाबले के आखिरी दिन पाकिस्तान ने 152/6 के स्कोर से खेलना शुरू किया। यहां से दो नतीजे ही दिख रहे थे। या तो पाकिस्तान पूरा दिन खेलकर मैच ड्रॉ करा ले या फिर इंग्लैंड आखिरी के 4 विकेट गिरा दे और मुकाबला जीत ले। ऐसे में आगा सलमान और आमिर जमाल ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर पाकिस्तानी फैंस की उम्मीदें जगा दी, लेकिन पारी की हार को टाल नहीं सके।

## एक नजर

# राफेल नडाल ने टेनिस से किया संन्यास का ऐलान

### 22 बार रह चुके ग्रैंड स्लैम चैंपियन

**नईदिल्ली ।** टेनिस के महान खिलाड़ी राफेल नडाल ने संन्यास की घोषणा कर दी है. वे नवंबर में होने वाले डेविस कप फाइनल के बाद रिटायर हो जाएंगे. नडाल 22 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन रह चुके हैं. स्पेन के रहने वाले नडाल ने अपने नाम कई बड़े रिकॉर्ड किए हैं. नडाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की. नडाल ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है. इसमें उन्होंने कहा कि मैं प्रोफेशनल टेनिस से संन्यास ले रहा हूं. नडाल फैंस को मैसेज देते हुए इमोशनल हो गए. उन्होंने कहा कि मेरे लिए पिछले कुछ साल मुश्किलों भरे रहे हैं.



नडाल का करियर अब तक बेहतरीन रहा है. लेकिन उनके लिए संन्यास का फैसला आसान नहीं रहा है. नडाल ने रिटायरमेंट की घोषणा के लिए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है. इसमें उन्होंने कहा, मैं यह बताने आया हूं कि प्रोफेशनल टेनिस से संन्यास ले रहा हूं. मेरे लिए पिछले कुछ साल मुश्किलों भरे रहे हैं. नडाल इस घोषणा के दौरान इमोशनल भी हो गए. नडाल अपने करियर के दौरान 22 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन रह चुके हैं. नडाल ने 2009 और 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था. वहीं 2010, 2013, 2017 और 2019 में यूएस ओपन का खिताब जीता था. नडाल विम्बलडन का खिताब 2008 और 2010 में जीत चुके हैं.

# श्रीलंका के खिलाफ भारत की सर्वश्रेष्ठ फील्डर रहीं राधा यादव

**दुबई ।** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बुधवार रात दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में महिला टी20 विश्व कप में श्रीलंका पर भारत की बड़ी जीत में उनके शानदार कैच के लिए सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार दिया गया। दुबई में बुधवार 9 अक्टूबर को खेले गए ग्रुप ए के इस मुकाबले में टीम इंडिया हर मोर्चे पर अव्वल साबित हुई, जिसमें सबसे अहम थी फील्डिंग। जहां पिछले दो मुकाबलों में भारतीय फील्डर आसान कैच छोड़ रहे थे, वहीं इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों के तेवर काफी बदले दिखे।



राधा यादव, रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष के बेहतरीन कैच ने भारत को एक बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

सबसे पहले, बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन विकेट के नुकसान पर 172 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद, सभी पांच गेंदबाजों ने विकेट लिए और इस दौरान उनका इकॉनमी रेट काफी अच्छा रहा, जबकि फील्डरों ने शानदार कैच लपके। इस तरह भारत ने श्रीलंका को 82 रनों से हराया और 0.560 के नेट रन रेट के साथ ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

# 1990 के बाद इंग्लिश क्रिकेटर ने जड़ा पहला तिहरा शतक

**मुल्तान ।** पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में हलचल तेज कर दी है। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ हैरी ब्रूक ने ट्रिपल सेंचुरी जड़ी।



हैरी ब्रूक 34 साल (1990 के बाद) में टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले इंग्लैंड के पहले क्रिकेटर और कुल मिलाकर छठे इंग्लिश बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यहां मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन यह उपलब्धि हासिल की। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के लिए तिहरा टेस्ट शतक बनाने वाले लियोनार्ड हटन (1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 364 रन), वॉली हैमंड (1933 में न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 336 रन), ग्राहम गूच (1990 में भारत के खिलाफ 333 रन), एंडी सैंडहॅम (1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 325 रन), जॉन एडरिच (1965 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 310 रन) की सूची में शामिल हो गए। वहीं, वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ब्रायन लारा के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का सर्वकालिक रिकॉर्ड है, जिन्होंने 2004 में एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन बनाए थे।

इसके अलावा, ब्रूक ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज दूसरा तिहरा शतक जड़ा। उनसे पहले वीरेंद्र सहवाग ने 278 गेंदों में यह कारनामा किया था, जबकि ब्रूक ने 310 गेंदें में अपना तिहरा शतक पूरा किया।

# हॉकी इंडिया लीग 2024-25: नीलामी में 1000 से ज़्यादा खिलाड़ी शामिल होंगे

**नई दिल्ली ।** 2024-25 सीज़न के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक होने वाली है, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के साथ वैश्विक सितारों सहित 1000 से ज़्यादा खिलाड़ी शामिल होंगे।



सात साल के अंतराल के बाद, एचआईएल एक विस्तारित प्रारूप के साथ वापसी कर रहा है जिसमें पुरुषों और पहली बार एक विशेष महिला लीग दोनों शामिल हैं, जो एक साथ चलेंगी। पुरुषों के लिए हॉकी इंडिया लीग फिर से शुरू हो रही है और महिला लीग का उद्घाटन सत्र इस सीज़न में शुरू होने वाला है। पुरुषों की नीलामी 13 और 14 अक्टूबर को होगी, जबकि महिलाओं की ऐतिहासिक नीलामी 15 अक्टूबर को होगी। 400 से ज़्यादा घरेलू और 150 से ज़्यादा विदेशी पुरुष खिलाड़ियों के साथ-साथ 250 घरेलू और 70 विदेशी महिला खिलाड़ियों की नीलामी होगी। खिलाड़ियों को तीन बेस प्राइस कैटेगरी में बांटा गया है- 2,00,000 रुपये, 5,00,000 रुपये और 10,00,000 रुपये, जो उनके द्वारा खुद के लिए चुने गए मूल्य पर आधारित है। 2,00,000 रुपये की श्रेणी में 600 से ज़्यादा खिलाड़ी, 5,00,000 रुपये की श्रेणी में 250 से ज़्यादा खिलाड़ी और 10,00,000 रुपये की श्रेणी में 250 से ज़्यादा खिलाड़ी शामिल हैं। पुरुषों की नीलामी की शुरुआत पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारत की टीम से होगी, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह तथा मंदीप सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं।

# पंचायत का दर्जा नहीं तो चुनाव नहीं

## देवसरा के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

भास्कर दूत

बालोद। ग्राम पंचायत देवरी द के आश्रित ग्राम देवसरा के ग्रामीणजन स्वतत्र पंचायत बनाने की माग को लेकर एकजुट हो गए हैं। शुक्रवार को देवसरा को नई पचायत बनाने को लेकर पूरे गांव में चमाधम बैठक हुई। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत नहीं बनेगा तो चुनाव बहिष्कार कर चुनाव का विरोध जतायेगें।

जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों व क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन कोई भी जवाब नहीं मिल रहा है। जिसके कारण शुक्रवार को दोपहर 2 बजे ग्रामीणों ने चौपाल लगाकर बैठक की। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत देवरी के लोग आश्रित ग्राम होने का दंश झेल रहा है गांव विकास से कोसो दूर है। विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम देवसरा के ग्राम प्रमुख जागेश्वर वैष्णव ने बताया कि गांव में समस्याओं का अंबार है। अभी वर्तमान में कुल 06 वार्ड में विभाजित है, ना गलियों में सीमेटीकरण, न ही पानी निकासी के लिए समुचित नाली है। सार्वजनिक स्थानों में साफ सफाई नहीं होती है। आबादी 1000 से ज्यादा जनसंख्या है, फिर प्रशासन की उदासीनता के कारण स्वंतत्र पंचायत नही बनने से विकास के नाम पर सिर्फ ठेंगा ही मिला है।इस गाव में ना तो अधिकारियों के कदम पड़े, न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान है। निस्तारी तालाब में गलियों का गंदा पानी जाने से तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। गंदे पानी में नहाने ग्रामीणों की मजबूरी व आदत बन गई है। गौर हो कि अनुसूचित जाति बाहुल्य होने के बावजूद गांव उपेक्षा का दंश झेल रहा है। आगनबाड़ी भी जर्जर हो गया है जो उधारी के कमरे चल रहा है। ग्रामपचायत देवरी द में 61 ग्रामीणों का प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम और किश्त जारी हो गया लेकिन सिर्फ 10 ग्रामीणों का नाम देवसरा में आया है जबकि देवरी द में कई सक्षम परिवारों का नाम पीएम आवास में आया जो कि सोचनीय व चर्चा का विषय बना हुआ है। वही ग्रामीण पालेश्वर देशमुख ने बताया कि कई बार अधिकारियों को ज्ञापन व मांग कर चुके हैं कि देवसरा को स्वतंत्र पंचायत बनाया जाए, बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधकर बैठे हैं, इसके कारण गुस्याये ग्रामीणजन पचायत नही बनने पर चुनाव बहिष्कार कर विरोध करेंगे। वही इस बैठक में चंदू लाल वैष्णव, खुशुब बाई, ईश्वरी माडले, त्रिभुवन देशलहरे, पवन, बिरेन्द्र साहू, रमेश साहू, तारनदास, डॉमनलाल, सहित सैकड़ों ग्रामीणजन व महिलाए बैठक में रही है। वही ग्रामचायत देवरी द सरपच नेम बाई साहू ने कहा कि देवसरा के ग्रामीण स्वंत्रत पचायत की मांग कर रहे हैं। गांव का समुचित विकास हो यही प्रयास रहता है।



### अधिकारियों से लगातार मांग के बाद भी नहीं हो रही मांग पूरी

# आग उगलने वाले रावण की पहली झलक, बिन बादल बारिश का भी दिखेगा नजारा

भास्कर दूत

**धमतरी।** धमतरी नगर निगम इस बार रावण दहन की खास तैयारियां कर रहा है. जिसके तहत भव्य कार्यक्रम होना है. दशहरा की तैयारियां शुरू- धमतरी के दशहरा मैदान में रावण दहन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है. रावण की पहली झलक सामने आई है. सिर के सभी हिस्से जिले से बाहर तैयार किए जा रहे हैं. तलवार और ढाल भी बाहर तैयार हो रहा है.वहीं धड़ और पैर का हिस्सा धमतरी सोरिद में तैयार हो रहा है. इस बार के दशहरा पर्व को भव्य तरीके से मनाया जाएगा. प्रभारी आयुक्त पी सी सार्वा ने मैदान में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया. रावण बनाने का काम शुरु - पीसी सार्वा ने बताया कि बुराई



पर अच्छाई का जीत विजयादशमी के पर्व को लेकर व्यापक स्तर पर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तैयारी में जुटे हुए हैं. क्योंकि इस बार 40 फीट का रावण दहन किया जाना है. इसको लेकर भी दो दिन पूर्व से इसके बैक स्ट्रक्चर को बनाने का काम शुरु कर दिया गया है, रावण के कद के मुताबिक लोहे के बेस को ऊंचा किया जा रहा है. रावण का पुतला बनाने का काम जल्द पूरा हो जाएगा, प्रयास किया जा रहा है दिन शनिवार को दशहरे के दिन दोपहर तक रावण के पुतले को खड़ा कर दिया जाए।

धमतरी - नगर निगम अब रावण के पुतले को खास तौर पर बनाने में ज्यादा दिलचस्पी रखता हैं. क्योंकि 2 साल पहले रावण ने ही नगर निगम की पूरे देश भर में फजीहत करवाई थी. पिछली बार रावण का धड़ तो जल गया था लेकिन 10 सिर जलने से बच गया और घूरने लगा था. इस लापरवाही के बाद नगर निगम दोबारा इसे दोहराना नहीं चाहती है. इसलिए रावण दहन के लिए पुतला खास तौर पर बनाया जा रहा है.

रावण आग उगलेगा - बताया जा रहा है कि इस बार जिले से बाहर रावण का सिर बनकर आएगा. इस बार के दशहरे को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की जा रही है. 40 फिट के रावण के पुतले का दहन होगा. रावण दहन के लिए नाभि चक्र पर प्रहार होगा और रावण आग उगलेगा.

# भारतीय किसान संघ गरियाबंद का राजेंद्र सिंह राजपूत बने जिला संगठन मंत्री लोगों ने दी बधाई

भास्कर दूत

**गरियाबंद।** भारतीय किसान संघ का जिला स्तरीय आवश्यक बैठक 10 अक्टूबर 2024 को सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण गरियाबंद में आयोजित हुआ जिसमें भारतीय किसान संघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन महामंत्री तुलाराम तारक प्रदेश कोषाध्यक्ष गजानंद डिस्पस्कर बिलासपुर एवं दीपेंद्र शुक्ला रायपुर जिला स्तरीय निर्वाचन बैठक में भाग लिया बैठक का शुरुआत जिला मंत्री गंगाराम सिन्हा ने प्रेरणा गीत गाकर एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा भगवान बलराम के पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण कर शुरूआत किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में गजानंद जी ने





निर्वाचन एवं मनोनयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दिया गया जिसमें गरियाबंद भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से माधवसिंह ठाकुर एवं जिला मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत उपाध्यक्ष धर्मेश साहू कार्यालय मंत्री ललित निषाद दयाराम साहू जैविक प्रमुख ईश्वर पटेल जिला कोषाध्यक्ष गंगाराम सिन्हा संरक्षक फलेद्र कुमार साहू अभिमन्यु ध्रुव, बलराम निषाद का किया गया इस बैठक में नरेंद्र पांडे तहसील अध्यक्ष गरियाबंद ललित निषाद, भगोली राम साहू शंकर लाल ध्रुव ,सुरेश चंद्र यशवंत यादव, चिंताराम ठाकुर ,योगेश तारक सालिकराम निषाद, पुरुषोत्तम ध्रुव एवं जिला से अन्य किसान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी को पलंग में बांधकर गमछे से गला घोट कर हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**धमतरी।** धमतरी से लगे ग्राम चिटौद में पत्नी की पलंग में बांधकर गमछे से गला घोट कर हत्या करने के मामले में पुरूर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ग्राम चिटौद कोटवार मुकेश कुमार टाण्डे ने पुरूर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अर्जुन राम मण्डावी पिता स्व धन्नू राम मण्डावी उम्र 33 साल निवासी ग्राम चिटौद थाना पुरूर जिला बालोद ने 10 अक्टूबर को करीबन 11 बजे अपनी पत्नि अंजलि मण्डावी को चरित्र शंका पर अपने घर के कमरे में पलंग में लेटाकर उसके हाथ पांव बांधकर अपने पास रखे गमछे से उसका गला घोट कर हत्या कर दिया। सूचना पर ग्राम चिटौद के ग्रामीणों के साथ घटनास्थल अर्जुन के घर जाकर देखा, तो अर्जुन की पत्नि कमरे में पलंग पर मृत हालत में पड़ी थी, उसके हाथ व पैर साडी से बंधा हुआ था। अर्जुन मण्डावी ने अपनी पत्नि अंजलि मण्डावी की चरित्र शंका पर गमछे से गला घोटकर हत्या की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुरूर में धारा 103 (1) बीएनएस अपराध पंजीबध्द कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर थाना पुरूर प्रभारी ने आरोपी की पता तलाश कर तत्काल पुलिस अभिरक्षा में लिया। आरोपी पति अर्जुन राम मण्डावी के अपने मेमोरण्डम कथन में अपनी पत्नि की हत्या करना स्वीकार करने पर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया। उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी पुरूर निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा एवं प्रआर कमलेश रावटे, प्रमोद नाविक आरक्षक थनेन्द्र देवांगन, किशोर साहू, संदीप यादव, सुरेश पटेल, पुष्कर तिवारी शामिल रहे।





### पुलिस ने साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत जगह-जगह किया कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा** । पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों में साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा दिनाँक 05ध्10ध्2024 से 19ध्10ध्2024 तक संचालित किया जाना है। जिसके तहत जिले में बढ़ रहे साइबर अपराधों को संज्ञान में लेते हुए और पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा (भापुसे) से प्राप्त मार्गदर्शन में सभी थाना चैकी प्रभारी और साइबर सेल के द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम में दर्री थाना अंतर्गत एनटीपीसी फुटबॉल ग्राउंड में डांडिया प्रतियोगिता में सायबर सेल कोरबा एवं दर्री नगर पुलिस अधीक्षक के द्वारा सायबर जागरूक किया गया।

वहीं, देर रात हरदीबाजार स्थित दुर्गा पंडाल मैदान में शहरवासियों को जागरूक करने हेतु सायबर सेल और हरदीबाजार पुलिस के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। कोरबा पुलिस की इस विशेष अभियान में जगह-जगह कार्यक्रम किया जा रहा है और कोरबा पुलिस के द्वारा एक ऑडियो मैसेज भी नवरात्रि पंडालो में सुनाया जा रहा है।साइबर अपराधों से बचने का सबसे सशक्त उपाय जागरूकता है।

थाना चिल्पी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

# 03 व्यक्तियों से नगद 2 करोड़ 27 लाख 50 हजार रू. एवं एक मारुती एस कास कार जप्त

भास्कर दूत

**कवर्धा।** थाना चिल्पी टीम द्वारा आबकारी चेकपोस्ट के पास संदिग्ध वाहनों का लगातार सघन चेकिंग किया जा रहा है आज दिनांक-11/10/2024 को चेकिंग के दौरान प्रातः करीबन 09-30 बजे मण्डला तरफ से एक नीला रंग का मारुजि एस क्रास कार क्रमांक एमपी-51, सीए-9891 आया जिसे रोका गया उसमें 03 लोग बैठे थे जिनका नाम पता पुछने पर अपना नाम- 01. गगन जैन पिता स्व. गिरीश जैन उम्र 33 साल सा. वार्ड-08 श्रीराम वार्ड मण्डला जिला - मण्डला म.प्र. 02. अमन जैन पिता स्व. गिरीश जैन उम्र 30 साल सा. वार्ड - 08 श्रीराम वार्ड मण्डला जिला - मण्डला म.प्र., 03. नवीन ठाकुर पिता ताराचंद्र ठाकुर उम्र 25 साल सा. हेजा नगर थाना महराजपुर जिला मण्डला म.प्र., बताये वाहन को चेक करने पर पीछे कार की डिग्गी मे अलग-अलग थैलियों में 500-500 सौ रूपये के गड्डी भारी



मात्रा में नगदी रकम मिला। उक्त वाहन क्रमांक एमपी-51, सीए-9891 एवं वाहन में बैठे 03 व्यक्तियों को थाना परिसर लाकर उक्त वाहन में रखे नोटों से भरे थैलियों को निकालकर नोट गिनने वाले मशीन मंगवाकर नोटों का गिनती किया गया। गिनती करने पर 500-500 सौ रूपये के 455 गड्डीयाँ प्रत्येक गड्डी में 500 रू. के 100 नग नोट प्रत्येक गड्डी में 50 हजार रू. की राशि है जुमला नोट की संख्या 45500 हजार नग नोट जुमला राशि कुल 2,27,50000 / रूपये ( अक्षरी दो करोड़ सत्ताईस लाख पचास हजार रूपये) एवं एस काम कार क्रमांक एमपी-51, सीए-9891 कीमती 400000 रू. कुल जुमला 2,31,50000 रू. को जप्त किया गया सदहियो से उक्त रकम के संबंध मे पुछताछ करने पर रायपुर में प्रापर्टी खरीदने के नाम पर लेजाना बताये एवं जप्त रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जिस पर थाना चिल्फी मे उचित वैधानिक कार्यवाही किया गया है । एवं अग्रीम कार्यवाही हेतु आयकर विभाग को सूचना दिया गया है।





उक्त प्रकरण में चिल्पी थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर हमराह उप निरी. राजेश्वर सिंह ठाकुर, आर. क्रमांक जितेन्द्र चंद्रवंशी, अमन वाहने, आशु तिवारी, पंकज यादव, संतोष साहू, अजय चंद्रवंशी, पप्पु पनागर, सुभाष चंद्र सोनकर का सरायहनीय योगदान रहा है।

# श्री राम हिंदू संगठन व निर्मला सेक्टर दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ी सुप्रसिद्ध लोक गायिका गरिमा व स्वर्णा दिवाकर ने बंधा शमा

**दल्लीराजहरा** - श्री राम हिंदू संगठन दल्ली राजहरा व सार्वजनिक निर्मला सेक्टर दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान मैं दल्ली राजहरा में 10 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 23 सर्कस ग्राउंड में लोग गायिका गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें नगर के समस्त नागरिक उपस्थित होकर इस इस आयोजन का आनंद उठाते दिखे।

शारदीय नवरात्रि में पूरे नगर में केवल एक सांस्कृतिक आयोजन होने की वजह से नगर के आसपास के ग्राम क्षेत्र से भी लोग आए और इस कार्यक्रम का आनंद उठाया।

श्री राम हिंदू संगठन के जिला संयोजक रविंदर गुप्ता जी ने बताया कि इस आयोजन को दल्ली राजहरा में कराने के पीछे संगठन व दुर्गा उत्सव समिति के सभी लोगों का अथक प्रयास रहा और आने वाले समय में और भी अन्य आयोजन कराने को संगठन तत्पर है। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया अतिथियों में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्री



शिबू नायर जी,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री अकबर टिगाला जी भाजपा दल्ली राजहरा मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री राकेश द्विवेदी जी,साहू समाज दल्ली राजहरा के अध्यक्ष श्री तोरण साहू जी,श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष शेखर गुप्ता, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद स्वप्निल तिवारी,प्रदीप बाघ अन्य लोग उपस्थित रहे।

जिसमे मुख्य रूप से श्री राम हिन्दू संगठन दल्ली राजहरा व सार्वजनिक निर्मला सेक्टर दुर्गाउत्सव समिति के सदस्य विग्नेश,सौरभ यादव,मनीष सिंह,संतराम उइके,चिंटू शर्मा,अमन,राहुल राज,कौशल,राजेश राज,जोहर,मनप्रीत ब्रोका व अन्य लोग उपस्थित थे। श्री राम हिन्दू संगठन दल्ली राजहरा व सार्वजनिक निर्मला सेक्टर दुर्गा उत्सव समिति ने आये शासन प्रशासन के सहयोग के लिये व आये सभी दर्शको का आभार व्यक्त किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करा है।

### माँ की भक्ति में झूमे लोग, हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़



# विंध्यवासिनी मंदिर में हुआ हवन पूजन, दूर दराज से भी पहुंचे श्रद्धालु

भास्कर दूत

धमतरी। नगर की आराध्य देवी विंध्यवासिनी मंदिर में नवरात्र के अंतिम दिन शुक्रवार की सुबह 10 बजे हवन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। लगभग ढाई घंटे चले हवन पूजन में शामिल होने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन करवाया। इसके बाद माता की आरती की गई। पंडित के मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालु आहुति देते रहे। हवन कार्यक्रम के बाद प्रसादी का वितरण हुआ। प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस अवसर पर विंध्यवासिनी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार, शीतल पवार, सतीश पवार, वंदना पवार, माधव पवार, सूर्याराव पवार, ऋतुराज पवार, सिद्धार्थ पवार, शानू जगताप, राजा जाचक, सुनील बाबर, अर्जुन राव घाड़गे, आंजेन्य पवार, आरके तिवारी उपस्थित रहे।



# बेटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी हैः- उपमुख्यमंत्री

भास्कर दूत

**कवर्धा** । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम अंतर्गत नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर कन्या पूजन का भव्य आयोजन कवर्धा में किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बेटियों के प्रति सम्मान को बढ़ाने एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देना था। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने सह परिवार सम्मिलित होकर कन्याओं का पूजन फूल माला, कुम-कुम चंदन चुनरी श्रृंगार के साथ दीप प्रज्वलित कर कन्या भोज का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने माता स्वरूप कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कन्या पूजन कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें स्वयं भोजन परोसा। माँ आदिशक्ति स्वरूपा बालिकाओं का कार्यक्रम में उत्साह एवं हर्ष उल्लास से पूरा कार्यक्रम सजा रहा, कार्यक्रम में अतिथियों ने विभाग के आयोजन को खूब सराहा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना आज के समय की तत्कालीन जरुरत है क्योंकि देश एवं समाज में बालिकाओं की रक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के बिना विकास किसी भी कीमत पर संभव नही है। "बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं " योजना बालिकाओं के उत्थान के लिये महत्वपूर्ण है। बेटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रष्मि शर्मा, पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, अनिल ठाकूर, कैलाश चन्द्रवंशी, चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी, उमंग पाण्डेय, सभापति नगर पालिका कवर्धा, गोपाल साहू, अजय ठाकुर खिलेश्वर साहू, अजित चंद्रवंशी, सतविंदर पाहुजा, श्रीमती मधु तिवारी, विजय लक्ष्मी तिवारी, वेदकुमारी चौबे, सुषमा चंद्रवंशी, निशा साहू ने उत्साह से मां नवदुर्गा स्वरूपा कन्याओं का श्रृंगार कर पूजन किया और भोजन कराया सभी की भागीदारी से कार्यक्रम में अलग ही हर्षोउल्लास का माहौल दिख रहा था। कन्या पूजन कार्यक्रम में गोपाल वर्मा जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उपस्थित होकर बालिकाओं के प्रति संम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने आनन्द कुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, महेन्द्र गुप्ता सहायक संचालक शिक्षा विभाग, संजय जायसवाल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा, श्रीमति विवेका हैरिस बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी कवर्धा, बृजेष कुमार सोनी बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी कुण्डा, नमन देषमुख बाल विकास सेवा परियोजना अधिकारी चिल्फी, सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सुश्री नीतिका डडसेना, संरक्षण अधिकारी नवा बिहान, श्रीमति सरोज शर्मा, श्रीमति पायल पाण्डेय, श्रीमति मनीषा चंद्रवंषी एवं एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा, दषरंगपुर, बोड़ला के सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका बहनें, मिषन वात्सल्य एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के अधिकारी कर्मचारी का विशेष योगदान रहा।



### महिला एवं बाल विकास विभाग "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम अंतर्गत नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर कन्या का पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

दैनिक
# भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024



डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में होगा 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन

## आज म्युनिसिपल स्कूल मैदान में विजयादशमी उत्सव

भास्कर दूत

राजनांदगांव। लगातार सत्रह वर्षों से चली आ रही रावण दहन की परम्परा के व्यवस्थित आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण की सम्पूर्ण साज-सज्जा पूर्ण हो गई है व असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त बेरिकेटिंग व्यवस्था के साथ विभिन्न वर्ग वार बैठक व्यवस्था पूर्ण कर दी गई है। 61 फीट ऊंचा विशाल रावण का पुतला दहन हेतु तैयार है एवं दर्शकों को मंत्र मुग्ध करने वाली मोहक आतिशबाजी की भी तैयारियां मुंबई से आई टीम ने पूरी कर ली है।

समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि दशहरा उत्सव का आनंद लेने आए दर्शकों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसकी समुचित व्यवस्था के साथ पार्किंग आदि भी व्यवस्था की गई है। साथ ही महिलाओं व बच्चों की सुविधा के लिए सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम कर दिए गए हैं। इस कार्यक्रम की पूर्ण निगरानी सी.सी.टी.वी. कैमरे द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, अशोक शर्मा, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, खूबचंद पारख एवं अन्य गण्मान्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे।

### पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया की टीम देगी प्रस्तुति



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति मुंबई से सारे गा मा पा एवं इंडियन आईडल की प्रतिभागी एवं पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया का साथ निभाने राईजिंग स्टार के प्रतिभागी रहे अमय दाते एवं उनकी टीम आ रही है। वे अपने मधुर गीतों से से संस्कारधानी के संगीत प्रेमियों मुग्ध करेंगे। शनमुखा प्रिया राम आएंगे, रामा रामा रामा अई गीरी नंदिनी एवं अमय दाते गणपती माझा लालबागा चा राजा... मौज मस्ती जैसे गीतों से संगीत प्रेमियों के दिलों में अपनी जगह बनायी है। साथ ही इंडियन आईडल के चर्चित प्रतिभागी होने के कारण टेलीविजन के माध्यम से देश प्रत्येक घरों में देखे व सुने जाते रहे हैं।

### पार्किंग हेतु व्यवस्था, सीसीटीवी से रहेगी नजर

विजयादशमी रावण दहन उत्सव के व्यवस्थित आयोजन हेतु पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां कर ली है। कई मार्गों को डायवर्ट कर उचित रूप से पार्किंग की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा विजयादशमी कार्यक्रम के आयोजन हेतु म्युनिसिपल स्कूल के सामने पलाई ओव्हर के नीचे (आरक्षित पार्किंग), महावीर चौक से भगत सिंह चौक के बीच फ्लाई ओव्हर के नीचे (मोटर सायकल पार्किंग), गुरूनानक चौक के पास पलाई ओव्हर के नीचे एवं गुरुद्वारा के पास, पुराना अस्पताल, बूढ़ा तालाब के पास, शीतला मंदिर नया मार्ग के किनारे किया जाएगा। म्युनिसिपल स्कूल मैदान में गेट क्रं. एक लॉ कॉलेज के सामने जी.ई. रोड से, गेट क्रं. दो फौव्वारा चौक (पुत्री शाला) कांच घर के सामने से, गेट क्रं. तीन भवानी द्वार (नीरज स्कूल गली) से प्रवेश दिया जाएगा। फैमिली पास से केवल परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा।



## राजाओं के समय से चली आ रही मिट्टी के रावण वध की परंपरा

### नवमी पर रामायण के सभी मुख्य पात्रों के अस्त्र-शस्त्रों की पूजा

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। शहर में दशहरा के अवसर पर रियासतकाल से चली आ रही मिट्टी के रावण वध की परंपरा इस वर्ष भी निभाई जा रही है। वैष्णव राजाओं का किला रहे शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय परिसर की प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर से शनिवार की संध्या छह बजे से राम रावण और उनकी सेनाओं की शोभा यात्रा निकालकर शहर भ्रमण कर कॉलेज के सामने पहुंचेगी, जहां मिट्टी के रावण का वध किया जाएगा। इससे पहले आज दुर्गा नवमी के अवसर पर राम रावण दोनों की तथा उनकी सेनाओं के अस्त्र-शस्त्रों की परंपरागत रूप से पूजा संध्या काल में की गई। इस संबंध में प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी दिलीप वैष्णव ने बताया कि आज नवमी के अवसर पर अच्छाई के प्रतीक राम और बुराई के प्रतीक रावण सहित रामायण या रामचरित मानस के सभी प्रमुख किरदारों के अस्त्र-शस्त्रों की पूजा किला परिसर में की गई। इस अवसर पर रावण की एक फुट मिट्टी की प्रतिमा की परंपरागत रूप से पूजा की गई। दशहरा के अवसर पर रावण की करीब 6 फुट की मिट्टी की प्रतिमा बना कर पूजा की जायेगी। शोभा यात्रा के बाद प्रभु श्रीराम और उनकी सेना के द्वारा उनका वध किया जाएगा। इस अवसर पर हर साल बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा होती है। शोभा यात्रा से लेकर रावण वध तक के संपूर्ण कार्यक्रम में तीन से चार घंटे लग जाते हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि इस पुरानी परंपरा को निभाते हुए वैष्णव राजाओं की यह 10वीं पीढ़ी है।



## कलेक्टर, एसपी पहुंचे महाआरती में बागेश्वर धाम

### समाजसेवी, उद्योगपति रतन टाटा को दी गई श्रंद्धाजलि

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। संस्कारधानी में श्री बागेश्वर धाम मंदिर में संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल लगाया गया है, जिसमें श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ टस्ट्र, दिया मंडल गायत्री परिवार, बालरत्न मंच सेवा समिति के साथ साथ ही कस्तूरबा मंडल सहित अन्य सेवा सामाजिक, संस्थाओं के द्वारा श्रमदान सेवा प्रदान की जा रही है। साथ ही प्रतिदिन संस्था 7.30 बजे श्री बागेश्वर महादेव माँ बम्लेश्वरी दुर्गा माता की महाआरती की जा रही है, जिसमें नगर की सेवा, सामाजिक संस्थाए, समाजसेवी, जनप्रतिनिधिगण शामिल हो रहे हैं।

इस अवसर पर जिलाधीश संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व तहसीलदार मनीष वर्मा सपरिवार महाआरती में श्री बागेश्वरधाम मंदिर में शामिल हुए। उन्हें आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता द्वारा पदयात्री सेवा पंडाल में संचालित होने वाली सुविधाओं, सेवाओं, धार्मिक आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। आयोजन समिति की स्वागत अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा तिलक लगाकर व महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल द्वारा माता का गमछा पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया।



इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एस.पी. मोहित गर्ग, तहसीलदार मनीष वर्मा द्वारा श्री बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट एवं संलग्न संस्थाओं के संयुक्त सेवा कार्यों की प्रशंसा की तथा कहा कि यहां के सेवा, सामाजिक, धार्मिक कार्यो में संस्कारधानी के नाम अनुरूप उसकी झलक दिखती है। यही सेवा संस्कार आगे के भविष्य में बच्चों को मिलेगी, जो नगर के लिए अत्यंत अनुकरणीय है। आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के अध्यक्ष संदेश जैन द्वारा किया गया। अंत में देश के प्रसिद्ध समाजसेवी जन सेवा में समर्पित,अग्रणीय रहने वाले उद्योगपति स्व. रतन टाटा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## कौमी एकता समिति ने की पदयात्रियों की सेवा

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** कौमी एकता समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा पंडाल लगाकर पूरे नौ दिनों तक सेवा की गई।

समिति के मिर्जा हबीब बेग ने कहा कि मैं भारतीय मुसलमान हूं। मेरा इस्लाम इस बात का इजाजत देता है कि इंसानों की मदद करो। इंसान किसी भी धर्म का हो, यह मायने नहीं रखता। कुरान में कहा गया है कि आपका पड़ोसी अगर भूखा है और वह किसी भी धर्म का हो, पहले उसे खाना खिलाओ। फिर तुम खाना खाना। मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिंदी हैं, हम वतन हैं, हिंदुस्तान हमारा। विगत15 साल से मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सेवा में सेवा पंडाल साल में दो बार लगाया जाता है। मुस्लिम समाज व कौमी एकता समिति के साथियों द्वारा सभी धर्म का मूलमंत्र इंसान और इंसानियत है। मानव सेवा ही असली सेवा है। हर धर्म इंसान बनना सिखाता है। इंसानों की सेवा करना सिखाता है। इंसान कोई भी हो, किसी भी धर्म का हो, उसकी सेवा की जाए। हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल कौमी एकता समिति सेवा पंडाल साथीगण जयेश डाकलिया, प्रदीप यादव, रूबी मानिकपुरी, जैकी कुरैशी, असलम खान, कमल साहू, गोलू नायक, जावेद खान और तुलसीपुर संगम चौक राजनांदगांव के वार्डवासियों ने सहभागिता निभाई।



## अपने ही प्रस्ताव पर अमल नहीं कर रहा निगम

### नियम विरूद्ध पदोन्नति को लेकर आयुक्त को ज्ञापन

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** नगर निगम द्वारा अपने प्रस्ताव को दरकिनार कर भेदभावपूर्वक पदोन्नत किये जाने अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने विरोध करते हुए निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा आयुक्त नगर निगम से छह अप्रैल 2023 के प्रस्ताव के आधार पर विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के विपरीत पदोन्नति में भेदभावपूर्वक पदोन्नत किये जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपकर आयुक्त नगर निगम से 20 मार्च 2023 को छह सदस्यों की विभागीय पदोन्नति समिति जिसके अध्यक्ष स्वयं उपायुक्त रहे हैं, के द्वारा छह अप्रैल 2023 को डी.पी.सी. बैठक में एक मत से प्रस्तावित किया गया था कि प्रहलाद ठाकुर भृत्य के न्यायालीन प्रकरण के चलते पदोन्नति को सुरक्षित बंद लिफाफा में रखा जाए एवं अरूण कुमार सूर्यवंशी लाइनमेन पर वित्तीय अनियमितता के चलते पदोन्नति को सुरक्षित बंद लिफाफा में रखने का प्रस्ताव किया गया है।

### लाइनमेन का नियम विरूद्ध प्रमोशन

संगठन की विज्ञप्ति में कहा गया है कि पत्र क्रं. 83/स्था./2023-24 दिनांक 17/05/2023 के अनुसार 47 किश्तों में वेतन रिकवरी किया जाना प्रस्तावित है, जिसके तहत मई 2023 से रिकवरी किया जा रहा है। महज 11 माह रिकवरी हुआ है और गठित विभागीय पदोन्नति समिति 06/04/2023 की बैठक का हवाला देते हुए कार्यालय नगर निगम राजनांदगांव के आदेश क्रं. 124/स्था./2023-24 दिनांक 29/05/2023 को अरूण कुमार सूर्यवंशी लाईनमेन को सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर दिया गया, जबकि 06/04/2023 के बैठक प्रस्ताव (आरटीआई) अधिनियम के तहत जानकारी निकाली गई, जिसमें पदोन्नत करने के संबंध में गठित समिति द्वारा कोई प्रस्ताव का उल्लेख ही नहीं किया गया है, न ही रिकवरी राशि जमा करने के प्रस्ताव का उल्लेख है।



### उपायुक्त ने माना- नियम विरूद्ध पदोन्नति हुई

ऐसे में गठित पदोन्नति समिति के निर्णय शक के दायरे में तथा आर्थिक अनियमितता एवं जातिगत भेदभाव करते हुए अपने संबंधित को लाभान्वित करने का सुनियोजित षड़यंत्र के तहत पदोन्नत किया गया है, जिसका संगठन ने पुरजोर विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपकर आयुक्त से मुलाकात चर्चा के दौरान आयुक्त द्वारा रिकवरी पूर्ण होने की बात कही गयी, तब प्रतिनिधि मण्डल ने पूछा कि रिकवरी पूर्व में हो चुका है तो आपके विभागीय पदोन्नति समिति के प्रस्ताव में उल्लेख क्यों नही है? इसका जवाब न देते हुए उपायुक्त को निर्देश कर प्रतिनिधि मंडल से चर्चा करने की बात कही गई। उपायुक्त से प्रस्ताव दिखाकर संगठन चर्चा की गई, तब उपायुक्त ने नियम विरूद्ध पदोन्नति होना स्वीकार करते हुए संबंधित से फाईल निकलवाने और नियम से कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि हमें 1-2 दिनों के अंदर इस संबंध में आपके द्वारा की गई कार्यवाही से संगठन को अवगत कराएं, जिस पर उपायुक्त ने एक-दो दिनों के अंतर्गत संगठन को अवगत कराने और नियम विपरीत पदोन्नति पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लेखराम मात्रा, उपाध्यक्ष पुरंदन उइके, कोषाध्यक्ष ईश्वर चंद्रवंशी, सचिव रोमसिंग मंडलोई, झाड़ूराम ठाकुर, रामकुमार सलामे, अलेन ठाकुर, हरिश कश्यप, डेविड भुआर्य, पुरषोत्तम ध्रुव सहित जिला के सदस्य उपस्थित रहे।

## डोंगरगढ़ मेले में युवक पर जानलेवा हमला

### मीना बाजार में गुरूवार की रात में वारदात, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** शारदीय नवरात्रि पर धर्मनगरी डोंगरगढ़ मेले के मीना बाजार में एक युवक से मारपीट कर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे लहूलुहान करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 10 अक्टूबर की रात्रि में हुई।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी रविन्द्र वैष्णव पिता हेमन्त वैष्णव उम्र 19 साल निवासी ग्राम मुढ़ीपार थाना गातापार जिला खैरागढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर मेला में घूमने गया था, जहां रात्रि में लगभग 10 बजे प्रार्थी नाव वाला झुला में झूला झूलने के लिये चढ़ा और सीट में बैठ रहा था, तभी आरोपी मो. अरशद खान पिता मो. रफीक खान निवासी डोंगरगढ़ आया और प्रार्थी को सामने वाली सीट पर जाने के लिये धमकाने लगा। उसी समय झूला चालू हो गया तो प्रार्थी आगे सीट में नहीं जा पाया। इसी बात पर आरोपी अरशद खान प्रार्थी को माँ-बहन की गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा व हाथ में चाकू लेकर धमकाने लगा एवं हाथ में पहने चूड़ा को निकालकर प्रार्थी के सिर पर चार-पांच बार मारकर चोंट पहुंचा दिया, जिससे प्रार्थी लहूलुहान हो गया। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का जूर्म दर्ज कर आरोपी को पकड़ा गया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त चूड़ा एवं चाकू को जप्त कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।



### आदतन अपराधी है आरोपी

पुलिस के अनुसार आरोपी मो. अरशद खान पिता मो. रफीक अशरफी खान उम्र 24 साल निवासी चौथना रोड कंडरापारा, वार्ड नं. 21 डोंगरगढ़ का निवासी है, जो आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है। पांच सालों में उसके खिलाफ आठ अपराध एवं तीन प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। हाल ही में गणेश विसर्जन के दौरान आरोपी अरशद खान के विरूद्ध मारपीट करने का मामला दर्ज है। इसके पूर्व रेलवे पुलिस से मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## शहर में भीड़भाड़ में स्कूल बसों के प्रवेश से आए दिन जाम

### दिवाली सीजन के बाद भी नहीं सुधारी जा रही ट्रैफिक व्यवस्था

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। शहर में दिवाली सीजन के बावजूद प्रायवेट स्कूलों की बसों का भीड़भाड़ में प्रवेश जारी है। विद्यार्थियों को थोड़ी-थोड़ी दूरी पर उनके घरों के सामने उतारते हुए चलने से ट्रैफिक जाम की स्थिति रोजाना बन रही है।

ऐसी स्थिति में लोग व्यवस्था बिगाड़ने के जिम्मेदार लोगों को कोस रहे हैं। वैसे शहर की यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने में न सिर्फ अतिक्रमणकारी और लापरवाह वाहन चालक जिम्मेदार हैं, बल्कि कुछ प्रायवेट स्कूल संचालकों की मनमानी भी बड़ा कारण है।

उल्लेखनीय है कि इस शहर में शासन द्वारा घोषित छुट्टी के दिनों में भी प्रायवेट स्कूलों की बसों को चलते देखा गया है। वह भी शहर के मध्यवर्ती बस्ती बाजार क्षेत्र की अतिव्यस्ततम सड़कों पर, जबकि आम लोगों की कारों को दीपावली त्योहार के समय प्रवेश से रोका जाता रहा है। स्कूली बसों के शहर के मध्यवर्ती बस्ती-बाजार क्षेत्र में प्रवेश से जहां जाम की स्थितियां बन रही हैं, वहीं राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है।

दीपावाली 30 और 31 अक्टूबर को है। इसके पहले धनतेरस की खरीदी के लिए भी बाजार में भारी भीड़भाड़ उमड़ना तय है। दुकानदारों द्वारा अपने सामानों को सड़कों पर भी सजाया जाएगा। सड़कों पर अव्यवस्थित पार्किंग भी जमकर होगी। ऐसी स्थिति में यातायात पुलिस, निगम प्रशासन और जिला प्रशासन व्यापारियों में समन्वय का अभाव भी चिंता की बात है। प्रायवेट स्कूली बसों को शहर के भीड़भाड़ वाले व्यस्ततम मार्गों में घुसने पर रोक नहीं लगेगी तो आने वाले दिनों में स्थिति और बिगड़ने की प्रबल संभावना नजर आ रही है। बेहतर होगा कि प्रायवेट स्कूल बसों को चुनिंदा जगहों पर खड़ी करके नन्हें छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने उनके पालकों को निर्देशित किया जाए।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता : इण्डस्ट्रियल एरिया, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
मो.9406011669






ALL IN ONE COMPUTER INSTITUTE
& SPOKEN ENGLISH CLASSES
नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट ।
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
1000/- विशेष छूट
BCA, DCA, PGDCA
1000/- विशेष छूट
KARAN SAHU -7000071773
FEES STRUCTUTRE-2024-25

| S.NO. | COURSE | FEES | DURATION |
|---|---|---|---|
| 1 | BCA | 15500 | 3 YEAR |
| 2 | DCA | 12000 | 1 YEAR |
| 3 | PGDCA | 14000 | 1 YEAR |
| 4 | TALLY | 3000 | 2 MONTH |
| 5 | MS-OFFICE | 5000 | 3 MONTH |
| 6 | MS-OFFICE+ TALLY | 7500 | 6 MONTH |

नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
For More Detail. : 70000-71773
पता - दिग्विजय कॉलेज के सामने, गोपी बर्तन के पास, ट्रांसफार्मर के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)

# हाईकोर्ट का फैसला, स्टाफ नर्स के तबादले पर लगाई रोक, कोर्ट ने कहा- बच्चों के शैक्षणिक सत्र के बीच न हो स्थानांतरण

भास्कर दूत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शासकीय कर्मचारी और अधिकारियों के हित में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच ने स्टाफ नर्स सरस्वती साहू की याचिका पर सुनवाई करते हुए स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी है. जस्टिस पीपी साहू ने फैसले में कहा कि यदि बहुत जरुरी ना हो तो शैक्षणिक सत्र के बीच में ऐसे कर्मचारी और अधिकारी जिनके बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, उनका स्थानांतरण ना किया जाए. इस फैसले से उन सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है, जिनके बच्चे शैक्षणिक सत्र के दौरान पढ़ाई कर रहे हैं सरस्वती साहू, जो बालोद जिले के पीपरछेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत हैं. जिनका डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल, रायपुर में स्थानांतरित कर दिया है. जिसको लेकर नर्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. इस मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई. याचिकाकर्ता के वकील संदीप दुबे ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता स्टाफ नर्स के दो पदों में से वर्तमान पदस्थापना स्थान पर कार्यरत एकमात्र स्टाफ नर्स है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बालोद ने 7.10.2024 को संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय को पत्र लिखा जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता के स्थानांतरण के बाद उसके स्थान पर किसी अन्य स्टाफ को नहीं रखा गया है. इससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उचित और सुचारू संचालन प्रभावित हो रहा है. याचिकाकर्ता के दो बच्चे स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बालोद, जिला-बालोद में कक्षा-10 वीं और 6 वीं में पढ़ रहे हैं. याचिकाकर्ता का स्थानांतरण शैक्षणिक सत्र के मध्य में हुआ है, इसलिए उन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. उन्होंने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता का एक बच्चा कक्षा-10वीं में पढ़ रहा है, जो कि बोर्ड परीक्षा है. अधिवक्ता संदीप दुबे ने स्कूल शिक्षा निदेशक बनाम ओ. करुप्पा थेवन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया, जिसकी रिपोर्ट 1994 एससीसी सप्लीमेंट (2) 666 में दी गई है. राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी ने कहा कि याचिकाकर्ता मेडिकल कॉलेज का कर्मचारी है. उसे शिक्षा विभाग में पदस्थ किया गया था. याचिकाकर्ता के अनुरोध पर उन्हें स्वास्थ्य सेवा विभाग में पदस्थ किया गया था. अब उन्हें उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दुबे ने कोर्ट से मांग की कि याचिकाकर्ता ने 4.10.2024 को भी अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है. लिहाजा अभ्यावेदन पर निर्णय होने तक याचिकाकर्ता का स्थानांतरण ना किया जाए।

### कोर्ट ने अपने फैसले में ये कहा

*मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई. हाई कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि स्थानांतरण करते समय, इस तथ्य को उचित महत्व दिया जाना चाहिए कि कर्मचारी के बच्चे पढ़ रहे हैं, यदि सेवा की अनिवार्यताएं तत्काल नहीं हैं. इस टिप्पणी के साथ स्थानांतरण आदेश पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सचिव स्वास्थ्य सेवाएं के समक्ष 10 दिनों की अवधि के भीतर नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. यदि याचिकाकर्ता अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है, तब सचिव स्वास्थ्य सेवाएं को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को ध्यान में रखते हुए, कानून के अनुसार चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेना होगा. अभ्यावेदन के निराकरण तक स्थानांतरण आदेश पर कोर्ट ने रोक लगा दी है.*

157 हाथियों का दल अलग-अलग कर रहा विचरण

# 37 किसानों की फसलें बर्बाद, ग्रामीणों में दहशत

भास्कर दूत

**रायगढ़।** जिले के धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज के लोटन-एडूकला परिसर के कक्ष क्रमांक 483 RF में हाथियों का एक बड़ा दल पहुंच गया है. इस दल में शामिल 36 हाथी ग्राम बोकरामुडा के आसपास इलाकों में मौजूद हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. दशहरा और दीपावली के त्योहारी सीजन के दौरान ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं. वहीं वन विभाग और हाथी मित्र दल के सदस्य लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं. वन विभाग ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने और हाथियों से दूर रहने की अपील की है. वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान में रायगढ़ जिले के जंगलों में 157 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं, जिसमें धरमजयगढ़



वनमंडल में 143 और रायगढ़ वनमंडल में 14 हाथी शामिल हैं. इस दल में 40 नर हाथी, 79 मादा हाथी और 38 बच्चे शामिल हैं. बीती रात हाथियों के इस दल ने 37 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है. वहीं वन विभाग हाथियों के मुवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए है.

# अंबिकापुर एयरपोर्ट से 21 अक्टूबर को शुरू हो सकती है फ्लाइट की सेवा, तेज हुई तैयारियां

प्रस्तावित कार्य म के अनुसार पीएम मोदी वर्चुअली तरीके से इसे हरी झंडी दिखा सकते हैं। दरअसल सरगुजा जिले में स्थित दरिमा एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू होने का सपना लोग आजादी के पहले से देख रहे हैं। मगर ये अब तक मूर्त रूप नहीं ले सका है।

भास्कर दूत




**अंबिकापुर।** सरगुजा के दरिमा स्थित माँ महामाया एयरपोर्ट से 21 अक्टूबर से फ्लाइट की सेवा शुरू हो सकती है। हालांकि इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। मगर इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके पहले भी 26 सितंबर को फ्लाइट सेवा शुरू करने की कवायद शुरू की गई थी, जो सफल नहीं हो सकी थी।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पीएम मोदी वर्चुअली तरीके से इसे हरी झंडी दिखा सकते हैं। दरअसल सरगुजा जिले में स्थित दरिमा एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू होने का सपना लोग आजादी के पहले से देख रहे हैं। मगर ये अब तक मूर्त रूप नहीं ले सका है। हवाई पट्टी वाले एयरपोर्ट का विस्तार कर इसके रनवे बढ़ाने के साथ डीजीसीए के निर्देश के अनुरूप यहां काम कराया गया था। ऐसे में अब दरिमा एयरपोर्ट 72 सीटर विमान के उड़ान भरने के लिए तैयार है। मगर वर्तमान में यहां से 19 सीटर विमान उड़ाए जाने की संभावना है। जिसके लिए तैयारी की जा रही है। विधायक प्रबोध मिंज के अनुसार 19 सीटर विमान के बाद 72 सीटर विमान भी यहां से उड़ाए जाएंगे।

बहरहाल इसके पहले भी एयरपोर्ट से उड़ान सेवा होने की तैयारी की जा चुकी थी। मगर वो मूर्त रूप नहीं ले सकी थी। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस बार क्या यहां से हवाई यात्रा के लिए विमान सेवा शुरू होती है या फिर एक बार फिर ये इनॉगरेशन भी टल जाता है और लोगों को और लंबा इंतजार करना पड़ता है।

# अवैध कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

**सट्टा पट्टी लिखते एक आरोपी गिरफ्तार। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी एवं 17,320 रूपये की रकम जप्त।**

भास्कर दूत



**दल्लीराजहरा।** पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा स्टाफ द्वारा शुक्रवार को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 03 आरोपी राकेश पीपरे के घर बरामदा में आरोपी राकेश पीपरे पिता लल्लू राम पीपरे उम्र 34 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 03 वल्लभ नगर राजहरा थाना राजहरा जिला बालोद को अंको के सामने रूपये पैसों को दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथों पकडा गया आरोपी के कब्जे से 03 नग सट्टा पट्टी पर्ची एवं सट्टा पट्टी का नगदी रकम 17,320 रूपये को जप्त कर आरोपी विरूध्द छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया है ।निरीक्षक सुनील तिर्की थाना प्रभारी दल्लीराजहरा द्वारा नवरात्रि पर्व के दौरान आबकारी एक्ट के तहत 09 प्रकरण, जुआ एक्ट के तहत 01 प्रकरण एवं सट्टा एक्ट के तहत 02 प्रकरण इस प्रकार नवरात्रि पर्व दौरान आबकारी, जुआ सट्टा के विरूध्द कुल 12 कार्यवाही किया जा चूका है तथा सूचना मिलने पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके लिये टाउन के सभी क्षेत्र में मुखबीर तैनात कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी के चरित्र में शंका,पति ने गमछे से गला घोटकर किया पत्नी की हत्या

आरोपी पति अर्जुन राम मंडावी को थाना पुरूर पुलिस ने किया गिरफ्तार।




**दल्लीराजहरा** / पुरूर - आरोपी पति अर्जुन राम मंडावी को थाना पुरूर पुलिस ने किया गिरफ्तार नाम आरोपी अर्जुन राम मण्डावी पिता स्व.थन्नू राम मण्डावी उम्र 33 साल निवासी ग्राम चिटौद थाना पुरूर जिला बालोद ग्राम कोटवार मुकेश कुमार टाण्डे ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अर्जुन राम मण्डावी पिता स्व0 धन्नू राम मण्डावी उम्र 33 साल निवासी ग्राम चिटौद थाना पुरूर जिला बालोद (छ0ग0) ने दिनांक 10.10.2024 को करीबन 11.00 बजे अपनी पत्नि अंजलि मण्डावी को चरित्र शंका पर अपने घर के कमरे में पलंग में लेटाकर उसके हाथ पांव बांधकर अपने पास रखे गमछे से उसका गला घोट कर हत्या कर दिया है। सुचना पर ग्राम चिटौद के ग्रामीणों के साथ घटनास्थल ग्राम विटीद अर्जुन के पर जाकर देखा, तो अर्जुन की पत्नि कमरे में पलंग पर मृत हालत में पडी थी, उसके हाथ व पैर साडी से बंधा हुआ था। अर्जुन मण्डावी के द्वारा अपनी पत्नि अंजलि मण्डावी की चरित्र शंका पर गमछे से गला घोटकर हत्या की गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुरूर में अपराध क्रमांक 115/2024 धारा 103 (1) बीएनएस अपराध पंजीबद कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। हालात तत्काल वरिष्ठ अधिकारीयो को अवगत कराने पर पुलिस अधीक्षक महोदय बालोद निर्देश प्राप्त होने पर थाना पुरूर प्रभारी द्वारा आरोपी का पता तलाश कर तत्काल पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

### भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष उदय भानु चिब से मिले बालोद जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकड़े



**दल्लीराजहरा** - भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष उदय भानु चिब जी से बालोद जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री प्रशांत बाला बोकड़े , नई दिल्ली स्थित कार्यालय में मुलाकात कर स्मृति चिन्ह भेट किया और आशीर्वाद लिया, प्रशांत बोकडे ने नवनियुक्त अध्यक्ष से मिलकर उनसे मिले अपनत्व के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया । नवनियुक्त अध्यक्ष उदय भानू चिब जी से मिलकर संगठन की गतिविधियों से अवगत करवा कर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं 16 तारिक को भारतीय युवा कांग्रेस के आव्हान पर दिल्ली में होने वाले देशव्यापी नौकरी दो नशा नहीं आंदोलन में बालोद जिले से युवाओ को इसमें शामिल करवाने हेतु आश्वस्त किया एवं जल्द ही छत्तीसगढ़ आगमन हेतु आमंत्रित किया,एवं देश में नयी क्रांति स्थापित करने के लिए आपको शुभकामनाये दी ।

# साइंस कॉलेज मैदान किनारे बने चौपाटी को हटाने का निर्देश

विधायक मूणत ने किया था लंबा आंदोलन

भास्कर दूत





**रायपुर।** राजधानी रायपुर में भारी विवादों के बीच जीई रोड के किनारे साइंस कॉलेज मैदान के करीब 6 करोड़ की लागत से बनाए गए चौपाटी को हटाने की तैयारी है. विधायक राजेश मूणत ने रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए हैं. अब यहां पर छात्रों के लिए ओपन रीडिंग और बच्चों के प्ले जोन का निर्माण किया जाएगा. दरअसल, चौपाटी हटाने 15 अक्टूबर को भाजपा पार्षदों के साथ निगम घेराव की विधायक राजेश मूणत ने चेतावनी दी थी. चेतावनी के बाद अन्य विभिन्न विषयों को लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें बैठक में चौपाटी को हटाकर यूथ हब बनाने का फ़ैसला हुआ. दरअसल, चौपाटी हटाने 15 अक्टूबर को भाजपा पार्षदों के साथ निगम घेराव की विधायक राजेश मूणत ने चेतावनी दी थी. चेतावनी के बाद अन्य विभिन्न विषयों को लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें बैठक में चौपाटी को हटाकर यूथ हब बनाने का फ़ैसला हुआ. विधायक राजेश मूणत ने बताया कि तत्कालीन सरकार और नगर निगम ने गलत जानकारी के साथ प्रोजेक्ट को शुरू किया. स्मार्ट सिटी को काम शुरू करने से पहले ये चेक करना होता है कि ज़मीन उनकी है या नहीं. खुद के ज़मीन पर ही निर्माण और टेंडर किया जाता है. लेकिन ग़लत तरीके से काम किया गया है. उन्होंने कहा कि रायपुर शहर के बीच में एजुकेशन हब है, विश्वविद्यालय, कॉलेज और लाइब्रेरी है. इनकी सरकार में कह रहे थे यूथ हब बन रहा, लेकिन यूथ हब के नाम पर कोई काम नहीं किया. विधानसभा में मुद्दा उठाया गया था. तथ्यों की जाँच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई का फ़ैसला हुआ है. चौपाटी की जगह अब यूथ एक्टिविटी के लिए प्रस्ताव दिया गया है.

### बीते साल से गर्म है मामला

दरअसल, बीते साल की शुरुआत में जीई रोड के किनारे साइंस कॉलेज के मैदान के सटकर रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी कंपनी ने चौपाटी बनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसका राजेश मूणत ने विरोध करते हुए करते हुए 11 दिनों तक धरना दिया था. आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के अलावा भाजपा के आला नेताओं ने मौजूदगी दर्ज कराते हुए मूणत के आंदोलन का समर्थन किया था।

# साइबर सुरक्षा व जल संरक्षण के उपायों को लेकर जागरूकता और उसे अमल में लाना बेहद जरूरी- सुप्रीम कोर्ट जस्टिस प्रशांत मिश्रा

भास्कर दूत



**रायगढ़।** साइबर जागरूकता एवं जल संरक्षण को लेकर नगर निगम ऑडिटोरियम में गुरूवार शाम 5 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया. सुप्रीम कोर्ट जस्टिस प्रशांत मिश्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे. वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यशाला में साइबर जागरूकता एवं जल संरक्षण पर प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई. यह कार्यशाला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई. इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ जितेन्द्र कुमार जैन, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, जिला न्यायालय से सभी न्यायाधीश, जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे. कार्यशाला को संबोधित करते हुए जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि साइबर जागरूकता एवं जल संरक्षण यह दो ऐसे विषय है जो आज के समय में हम सभी के जीवन से सीधे तौर से जुड़े हुए है. साइबर अपराधों से बचाव के लिए इसके बारे में जागरूक होना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है. आज टेक्नालॉजी तेजी से विकसित हो रही है. ऐसे में स्वयं को अपडेट रखना और साइबर अपराधों से जुड़ी जानकारी व उससे बचाव के तरीकों को अमल में लाकर ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है. उन्होंने अपने आसपास के वाकये बताते हुए कहा कि साइबर ठग लोगों को ज्यूडशरी से जुड़े लोगों के नाम पर भी ठगने का प्रयास करते है. ऐसे मामलों में सतर्कता व सुझबुझ से काम लेना जरूरी है. उन्होंने जल संरक्षण को लेकर कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है.



जागरूकता के साथ ही जल संरक्षण के उपायों को अमल में लाकर ही हम अपने आसपास एक बेहतर वातावरण निर्मित कर सकते है. इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ काम करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है. अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेकर अपने आसपास दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए. वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि साइबर अपराधों का दायरा जिस तेजी से बढ़ा है, लोगों के बीच सतर्कता का स्तर उसी अनुरूप बढ़ाना आवश्यक है. आज के डिजिटल युग में अगर समझदारी से काम न लिया जाए तो एक क्लिक में आदमी अपनी सारी जमा पूंजी गंवा सकता है।

# दुर्गा अष्टमी को किया गया जगह-जगह महाप्रसादी का वितरण

भास्कर दूत



**बलौदा बाजार-भाटापारा।** लवन,कोलिहा आशी न्यूज एजेंसी शारदीय क्वाँर नवरात्रि आस्था उपासना भक्ति एवं शक्ति का महापर्व विगत 8 दिनों तक लगातार भक्ति भावना से ओत प्रोत डूबे रहने के कारण मां जगत जननी जगदंबा के भक्त जनों में काफी उत्साह देखा गया इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में प्रतिपदा से लेकर अभी तक लगातार प्रत्येक दिनों जगह-जगह विभिन्न प्रकार के माताजी की सेवाएं देखने को मिली जिसमें पारंपरिक सेवा भजन कीर्तन रास गरबा सहित तरह-तरह के भक्ति संगीतों का आयोजन किया गया खासकर पारंपरिक रूप से मांदर की थाप पर ज़स गीतों की गूंज चारों दिशाओं में भक्ति से ओत प्रोत सुनाई दिया अष्टमी तिथि को महागौरी देवी भगवती के स्वरूप मानकर विशेष रूप से पूजन अर्चना करते हुए आराधना किया गया इसी दिन देवी महागौरी ने पार्वती रूप में महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी इससे उसका शरीर कृष्णावर्णी हो गया इसी तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इसके शरीर पर पावन गंगा जल की धारा डाली मेहनत विलुप्तप्रभा के समान शांति में गौरवण की हो गई तभी से इसका नाम महागौरी पड़ा दुर्गा अष्टमी कि इस महापर्व पर आज प्रात: से ही जगह-जगह विधि विधान पूर्वक यज्ञ हवन का कार्यक्रम देखा गया जिसमें माता जी के भक्तों द्वारा बड़ा ही उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया महा अष्टमी को हवन पूजन कार्यक्रम के दौरान भक्तों के लिए विशेष रूप से महाप्रसादी का विवरण किया गया इसी क्रम में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम कोलिहा सड़कपार में भी विशेष रूप से महाप्रसादी का वितरण किया गया सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के आयोजन समिति के रामचंद्र वर्मा कृष्ण कुमार वर्मा अमित वर्मा हितेंद्र कुमार वर्मा देवचंद वर्मा गोविंद वर्मा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाता है एवं अष्टमी तिथि को महाप्रसादी का वितरण किया जाता है सभी माता जी के भक्तजनों के लिए खीर पुरी की व्यवस्था की गई है महाप्रसादी का वितरण देर शाम तक चलेगी उसके पश्चात रात्रि में महाप्रसादी के रूप में भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया है जिसमें भक्तजनों को खीर पुरी के साथ-साथ चावल दाल सब्जी एवं अन्य चीज भी प्रसाद के रूप में वितरण जाएगी महाप्रसादी वितरण के दौरान आयोजक समिति के रामचंद्र वर्मा हितेंद्र कुमार वर्मा देवचंद वर्मा गोविंद वर्मा कृष्ण कुमार वर्मा नीलमणि वर्मा अमित वर्मा तुषार वर्मा भुनेश्वर वर्मा ओम वर्मा धीरेंद्र कुमार वर्मा शिव शंकर वर्मा शुभम वर्मा सुमित कुमार वर्मा चंद्रकांत वर्मा बिट्टू हरनारायण वर्मा लकी वर्मा ओम वर्मा अतुल वर्मा जागेश्वर वर्मा एश कुमार कार्तिक समर सम्राट का काफी योगदान रहा।



उतई मर्डर केस

# 24 घंटे के भीतर पकड़ाए आरोपी, कटर और सरिया मारकर की थी हत्या

भास्कर दूत



**भिलाई।** दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र में 9 अक्टूबर को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उतई पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश की बात करते हुए कटर, लोहे का सरिया आदि से वारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त लोहे के राड, धारदार कटर और बाइक जब्त किया है। उतई पुलिस के अनुसार 9 अक्टूबर को ग्राम पुरई निवासी सुशीला सिन्हा ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि वह 9 अक्टूबर को दुर्गा देखकर 8 बजे अपने घर वापस आई। उसने पति द्वारिका प्रसाद सिन्हाको बताकर खाना बनाने लगी। द्वारिका प्रसाद सिन्हा पीछे से आता हूं कहकर गया। कुछ देर बाद उसके पति और किशन उर्फ छोटू राजपूत के साथ विवाद हो रहा था। द्वारिका प्रसाद सिन्हा किशन उर्फ छोटू राजपूत से कह रहा था कि तुम मेरी पत्नी को फोन मत लगाया करो, मेरे घर के आसपास बिना मतलब के मत आया करो। यह धीरे धीरे वाद विवाद में बदल गया और किशन उर्फ छोटू राजपूत ने पुरानी रंजीश की बात को लेकर द्वारिका को धमकी दी। उसने अपने साथी गणेश और जयसिंग के साथ मिलकर द्वारिका प्रसाद सिन्हा को लोहे के सरिया, धारदार कटर व बेल्ट से ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल द्वारिका को शासकीय अस्पताल उतई ले जाने पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 103, 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला निर्देश पर एसडीओपी आशीष कुमार बंछोर द्वारा त्वरित करने कहा गया। इसके बाद विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पता तलाश करने पर आरोपी किशन उर्फ छोटू राजपूत, गणेश नायक एवं जयसिंग बांधे को हिरासत लिया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com